सांध्य दैनिक

# भारत मत

Web : www.bharatmatepaper.com

ग्वालियर भोपाल
अधि. 33.0 अधि. 26.0
न्यून. 27.0 न्यून. 23.0

▪ग्वालियर ▪भोपाल ▪झाँसी से एक साथ प्रकाशित

ग्वालियर, मंगलवार 11 अगस्त 2026 श्रावण कृष्णपक्ष-14, संवत 2083, वर्ष-31 अंक-152 कुल पृष्ठ-8

मूल्य-₹ 2.00

Email: editorbharatmat@gmail.com




**संक्षिप्त समाचार**

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में दिल्ली में जुटे साधू-संत

### पीएम मोदी से की सख्त कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या राम मंदिर में हुए चढ़ावा चोरी के विरोध में देशभर से 100 से ज्यादा संत-महंत और महामंडलेश्वरों ने सोमवार को बाराखंबा रोड स्थित नेपाली दूतावास के पास एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मामले में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपने को इकट्ठे



हुए हैं। प्रदर्शन में ज्ञापन देने के लिए शामिल इंद्रप्रस्थ पीठ के संत जगद्गुरु स्वामी रामानुजाचार्य ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि ट्रस्ट में शामिल वे लोग जो भी मामले में संलिप्त हैं उनपर कार्रवाई कर जेल भेजा जाना चाहिए। इस कृत्य के चलते संतों को हेय दृष्टि से देखा जा रहा है। इससे सनातन धर्म को नुकसान हो रहा है। इसलिए किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए, न ही किसी को भी बचाया जाना चाहिए। पीएम आवास तक जाने की परमीशन नहीं होने के कारण सभी संतों को पुलिस ने मंडी हाउस से आगे नही जाने दिया गया।

## मोहाली में छात्रा से 48 घंटे में 2 बार गैंगरेप

### बेहोशी की हालत में फेंका, फ्रेंडशिप से मना किया था; पर्ची में आरोपी का नाम-मोबाइल नंबर मिला

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली में 16 साल की छात्रा को किडनैप कर 48 घंटे में 2 बार गैंगरेप किया गया। एक आरोपी कई दिन से छात्रा से फेंडशिप करने के लिए कह रहा था। छात्रा ने इनकार किया तो उसने अपने 2 और साथियों के साथ उसे स्कूल जाते वक्त कार में उठा लिया। फिर अज्ञात जगह पर ले जाकर



तीनों ने बारी-बारी से उसका रेप किया। फिर उसे घर के पास छोड़ दिया।
अगले दिन फिर उसी स्कूल टाइम में वह लड़की को उठा ले गए और फिर से गैंगरेप किया। इस बार उसे बेहोश हालत में ही गिफ्ट शॉप के पास फेंक गए। छात्रा ने किसी राहगीर से फोन लेकर घर पर फोन कर माता-पिता को उसे ले जाने के लिए कहा। बेहोशी और गैंगरेप की वजह से लड़की चल भी नहीं पा रही थी। इससे माता-पिता को पूरे मामले का पता चला। लड़की से पुलिस को आरोपी के फेंडशिप के लिए दी गई पर्ची मिल गई है, जिसमें आरोपी ने अपना नाम व मोबाइल नंबर दिया है। फिलहाल आरोपियों पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान व तलाश की जा रही है।

### संसद परिसर में NDA-कांग्रेस सांसद आमने-सामने आए

# भाजपा सांसद ने पूछा- राहुल झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका बोलीं- वे छात्रों से मिल चुके

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद परिसर में NDA और कांग्रेस सांसदों ने मंगलवार को एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। NDA सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए। प्रियंका के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने पूछा कि राहुल झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका मुस्कुराती हुई उनके पास गईं और कहा- राहुल गए हैं और छात्र प्रदर्शनकारियों से मिल भी चुके हैं। लोकसभा और राज्यसभा में भी हंगामा जारी रहा। इसके कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष दिल्ली में 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के मुद्दे पर गृह मंत्री के जवाब की मांग कर रहा है। सरकार ने सोमवार को कहा कि शाह चर्चा के लिए तैयार हैं। हालांकि, राहुल ने कहा कि हमें शाह की राय नहीं सुननी, बल्कि यह जानना है कि छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और गोलीबारी का आदेश किसने दिया था। 20 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र के अब सिर्फ 3 दिन बाकी हैं। 13 अगस्त को सत्र का अंतिम दिन है लेकिन सरकार और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के कारण संसद की कार्यवाही लगातार प्रभावित हो रही है।




### रामदास आठवले बोले- राहुल गांधी को सदन चलने देना चाहिए

केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा, 'राहुल गांधी डरे हुए हैं और यही वजह है कि उन्हें चुनावों में हार का सामना करना पड़ता है। जब अमित शाह सदन में बोलने के लिए तैयार हैं, तो राहुल गांधी को सदन चलने देना चाहिए।'

### धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- छात्रों के मामले पर झूठ फैला रही है कांग्रेस

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- 'कांग्रेस छात्रों के हितों को लेकर लगातार झूठ फैला रही है। राहुल के पास तथ्यों की कमी है। विपक्ष के नेता न तो संसद में आना चाहते हैं और न ही सरकार के जवाब सुनना चाहते हैं। उनका मकसद सिर्फ झूठ फैलाना और घड़ियाली आंसू बहाना है।'

### गोगोई बोले- राहुल ने झारखंड में लाठीचार्ज की तुरंत निंदा की

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने झारखंड में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सोमवार को लाठीचार्ज के बाद शाम में ही घटना की निंदा की थी। उन्होंने पीएम मोदी की तरह दो हफ्ते बाद सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने का इंतजार नहीं किया।

### लोकसभा में हंगामा, कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित

लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को एक साथ आकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन में व्यवधान न हो। बिड़ला ने कहा कि सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही है और प्रश्नकाल भी नहीं हो सका, जिसमें सांसद सरकार से जवाब मांगते हैं। हालांकि, उनकी अपील के बावजूद विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा, जिसके बाद उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी।

### राहुल गांधी पर दोहरे मापदंड का आरोप

इसके जवाब में विरोध प्रदर्शन करते हुए सत्ताधारी पार्टी के सांसदों ने राहुल गांधी पर चर्चा से भागने और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। ये आरोप तब लगा जब झारखंड में पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज किया। राज्य में कांग्रेस हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में सहयोगी पार्टी है। एनडीए सांसदों का यह विरोध प्रदर्शन सरकार द्वारा अमित शाह को छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर संसद को संबोधित करने की पेशकश करने के एक दिन बाद हुआ है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि गृह मंत्री विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं, बशर्ते सदन की कार्यवाही बिना किसी रुकावट के चलने दी जाए।

### राहुल गांधी ने क्या कहा?

इस पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष शाह की राय सुनने में दिलचस्पी नहीं रखता है और बस यह जानना चाहता है कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे कौन था।

## एमपी में बनेंगी राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की तीन बटालियन

### सीएम ने किया ऐलान; बैगा, भारिया, सहरिया की अलग कंपनियां बनेंगी



भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) की तीन बटालियन गठित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में पुलिस विभाग की नई भर्तियों और पदोन्नतियों को लेकर आयोजित आभार प्रदर्शन समारोह में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तीन में से एक बटालियन खंडवा में बनाई जाएगी, जबकि दो अन्य बटालियनों के स्थान बाद में तय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रविन्द्र भवन में पुलिस विभाग में नवीन भर्ती एवं पदोन्नति आभार प्रदर्शन समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारियों को सितारे लगाये।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल में विशेष रूप से प्रदेश के अति पिछड़े जनजातीय समूहों को अवसर देने के लिए बैगा, भारिया और सहरिया की कंपनियां गठित की जाएंगी।

### तीन बटालियन, पहली खंडवा में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की तीन बटालियन बनाई जाएंगी। इनमें से एक बटालियन खंडवा में गठित करने की घोषणा उन्होंने मंच से की। दो अन्य बटालियनों का स्थान बाद में घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए इस बल को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुलिस विभाग में नवीन भर्ती एवं पदोन्नति आभार प्रदर्शन समारोह में पहुंचने पर पुलिस टुकड़ी-बैंड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**बैगा-भारिया-सहरिया की कंपनियां भी बनेंगी**

राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल में बैगा, भारिया और सहरिया समुदाय की अलग-अलग कंपनियों के गठन की योजना भी है।

## तमिलनाडु विधानसभा में कार्यक्रमों में पहले राज्य गीत 'तमिल थाई' गाने का प्रस्ताव

### डीएमके-एआईएडीएमके ने दिया समर्थन

चेन्नई (एजेंसी)। सीएम विजय ने तमिलनाडु में कार्यक्रमों की शुरुआत में राज्य गीत 'तमिल थाई वाझथु' अनिवार्य रूप से गाने का प्रस्ताव रखा। शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी दफ्तरों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में इसे लागू करने के प्रस्ताव को डीएमके,एआईएडीएमके और कांग्रेस ने समर्थन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'तमिल थाई वाझथु' को राज्य में सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए और इसके सम्मान से समझौता नहीं होगा। यह गीत 2021 में तमिलनाडु के राज्य गीत का आधिकारिक दर्जा पा चुका है। यह प्रस्ताव केंद्रीय गृह मंत्रालय की 9 जुलाई की टिप्पणी के बाद आया है।

## उप्र में गंगा-यमुना समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर,दिल्ली में झमाझम

### मप्र में नाले में बही कार, 9 की मौत,बाड़मेर-बीकानेर में सड़कें डूबी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ में निर्माणाधीन पुल पर भारी बारिश के बीच ईको वैन नाले में बह गई। वैन में 11 लोग सवार थे। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। दो तैरकर बाहर निकल आए। तेज बारिश के कारण नाले का पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। ड्राइवर को अधूरा पुल दिखाई नहीं दिया, जिससे वैन नाले में जा गिरी।



राजस्थान के जयपुर स्थित कानोता और झालावाड़ का कालीखाड़ डैम ओवरफ्लो हो गया है। झीकनी गांव के स्कूल में पानी भर गया। यहां फंसे 30 विद्यार्थियों को गांव के लोगों की मदद से रेस्क्यू किया गया। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में रविवार रात सड़कों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। बाड़मेर में भी सड़कें लबालब हो गई। रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी, हॉस्पिटल रोड समेत प्रमुख इलाकों में 2 से 4 फीट तक पानी भर गया। कई जगह दुकानों और घरों में भी पानी घुस गया।

यूपी में गंगा-यमुना समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फर्रुखाबाद-बिजनौर में गंगा नदी का पानी हाईवे के ऊपर बह रहा है। कई सड़कें डूब गई हैं। 40 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लोग सड़कों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। काशी में सभी 84 घाटों को जोड़ने वाले रास्ते जलमग्न हो गए हैं। गंगा का पानी मणिकर्णिका घाट तक पहुंच गया है।



### एमपी के राजगढ़ में निर्माणाधीन पुल से बही कार

राजगढ़ में निर्माणाधीन पुल से ईको कार बह गई। इसमें कुल 11 लोग सवार थे। 9 की मौत हो गई। दो लोग बाहर निकाल आए। हादसा पचोर-सारंगपुर रोड पर पड़ाना कस्बे में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात हुआ। सूचना मिलते ही एसडीएम रोहित बम्होरे और एसडीओपी अरविंद सिंह मौके पर पहुंचे।

## कांवड़ यात्रा में सीएम मोहन यादव का दिखा अलग अंदाज

### डमरू बजाया, फूलों की बारिश की और दादा गुरु संग पैदल चले

**कांवड़ यात्रा धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा के साथ प्रतीक है श्रद्धा और सामाजिक एकता का : मुख्यमंत्री**

भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी समुचित प्रबंधन कर रही है। सावन का पवित्र माह भगवान शिव की आराधना और भक्ति का पर्व है। मां नर्मदा का जल लेकर निकले कांवड़ यात्रियों का उत्साह अतुलनीय है। संस्कार कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। भगवान शिव की भक्ति से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो और प्रदेशवासियों का जीवन मंगलमय हो, यही कामना है। कांवड़ यात्रियों को यथा-योग्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के धर्म स्थलों पर सभी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संस्कारधानी



जबलपुर से शुरू हुई संस्कार कांवड़ यात्रा अद्भुत है, जिसमें पूज्य दादा गुरु के साथ हजारों कांवड़िये भक्ति भाव से साधना के मार्ग पर चल रहे हैं। पूज्य दादा गुरु अन्न छोड़कर केवल नर्मदा मैया का जल गृहण कर स्वस्थ जीवन जी रहे है। उनका त्याग और तपस्या सभी के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सावन के दूसरे सोमवार को जबलपुर की संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री दादा गुरू के साथ कांवड़ उठाकर संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल हुए।

- **मां नर्मदा के हर कंकर में शंकर दिखाई देते हैं-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कांवड़ियों और प्रदेशवासियों को पवित्र श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के धर्म के प्रति प्रेम से वातावरण भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांवड़ यात्रियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि श्रावण सोमवार के पावन अवसर पर शिव भक्त कांवड़िये नर्मदा मैया का जल लेकर अपना संकल्प पूरा करने के लिए निकले हैं। मां नर्मदा के हर कंकर में शंकर दिखाई देते हैं।
- **पर्व और त्योहार जीवन में उत्साह, उमंग और उल्लास का करते हैं संचार-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्व और त्योहार हमारे जीवन में उत्साह, उमंग और उल्लास का संचार करते हैं। परमात्मा हमें चुनौतियों का सामना करने की सामर्थ्य प्रदान करते हैं। जीवन की पवित्रता के माध्यम से परामात्मा तक पहुंचा जा सकता है। ईश्वर सभी प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

## उज्जैन के सात ऐतिहासिक तालाबों के पानी में मिला खतरनाक सीवेज

### 6 का पानी नहाने लायक भी नहीं, एनजीटी ने हड़काया



उज्जैन (एजेंसी)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की भोपाल बेंच ने उज्जैन में धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण 'सप्त सागरों' (सात तालाबों) के संरक्षण और जीर्णोद्धार को लेकर बड़ा और सख्त आदेश जारी किया है। 4 अगस्त 2026 को दिए गए अपने आदेश में ट्रिब्यूनल ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उज्जैन के नगर निगम कमिश्नर को पानी की गुणवत्ता सुधारने और आसपास से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है। एनजीटी ने स्पष्ट किया है कि पानी में सीवेज मिलने से श्रद्धालुओं की सेहत और आस्था के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**पानी में खतरनाक स्तर पर मिला फिकल कोलिफॉर्म-** सुनवाई के दौरान एमपीपीसीबी ने अपनी रिपोर्ट में स्वीकार किया कि तालाबों के पानी में फिकल कोलिफॉर्म मौजूद है, हालांकि उसने सीधे तौर पर बिना ट्रीटमेंट के पानी छोड़े जाने से इनकार किया था। इस परएनजीटी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पानी में कोलिफॉर्म की उच्च मात्रा सीधे तौर पर सीवेज के मिलने की ओर इशारा करती है, लेकिन बोर्ड ने न तो इसके कारणों का पता लगाया और न ही कोई कार्रवाई की।

संक्षिप्त समाचार

## एमसीयू : दो पीढ़ियां आमने-सामने होंगी सत्रारंभ समारोह में

### तीन दिनी अभ्युदय में शीर्ष पर डटे पूर्व विद्यार्थी होंगे शामिल



भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) का वार्षिक सत्रारंभ अभ्युदय 2026 18 से 20 अगस्त तक होगा। इस बार अभ्युदय की थीम है-मैं और मेरा विश्वविद्यालय। अपनी विधाओं में शीर्ष पर पहुँचे एमसीयू के पूर्व विद्यार्थियों का पहला समूह इस बार अभ्युदय का मुख्य आकर्षण है।

मीडिया हेड डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिन तक यह समारोह मीडिया से जुड़े सभी पक्षों प्रिंट, टीवी, डिजिटल, विज्ञापन, पीआर, सिनेमा, प्रबंधन, कम्प्यूटर, न्यू मीडिया टेक्नॉलॉजी और स्थापित सफल उद्यमों पर केंद्रित है। आज के विद्यार्थियों से इन क्षेत्रों में कॅरिअर की संभावनाओं पर चर्चा के लिए विषय विशेषज्ञ देश भर से आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजनीति, प्रशासन, मीडिया, सिनेमा और उद्योग में अपनी धाक जमाने वाले पूर्व विद्यार्थियों का पहला समूह अभ्युदय के विशेषज्ञों में शामिल होगा। ऐसी 50 विभूतियाँ, जो ढाई-तीन दशक पहले देश के सभी राज्यों से आए और भोपाल के इसी विश्वविद्यालय से उनकी संघर्ष यात्रा शुरु हुई थी। उनके अनुभवों से विद्यार्थियों को यह देखना रोमांचक और प्रेरक होगा कि इसी विश्वविद्यालय से पढ़कर निकले छोटे गाँव-कस्बों के युवाओं ने अपनी लगन और मेहनत से किस प्रकार अपने कॅरिअर में उल्लेखनीय लक्ष्य प्राप्त किए। इनकी एक झलक हाल में प्रकाशित चर्चित पुस्तक माखन के लाल में दिखाई दी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इस श्रृंखला में हर विधा में स्थापित दीर्घ अनुभवी पूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय की नई पीढ़ी के बीच लगातार बुलाए जाएंगे। अभ्युदय 2025 में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास सहित मीडिया की अनेक हस्तियां विद्यार्थियों के बीच आई थीं।

## अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि

### भोपाल में भव्य समारोह, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

भोपाल। अखिल भारतीय गडरिया महासभा की ओर से 13 अगस्त को देवी अहिल्याबाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस अवसर पर भोपाल के रवीन्द्र भवन सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से शाम 4 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में लोकमाता के जीवन-दर्शन पर व्याख्यान, मातृशक्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह और संगठन का प्रदेश अधिवेशन आयोजित होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पद्मश्री व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. विकास महात्मे तथा भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित रहेंगे। इस गरिमामयी आयोजन की अध्यक्षता अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल करेंगे। अखिल भारतीय गडरिया महासभा, भोपाल की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, आयोजन के दौरान 'नारी वंदन अभियान' के तहत समाज की प्रतिभावान महिलाओं व मातृशक्ति का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही महासभा के प्रदेश अधिवेशन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे जाएंगे। आयोजकों ने समाज के सभी नागरिकों और गणमान्य जनों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## पुण्यतिथि पर 'जागो नारी जागो' का संदेश

भोपाल। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 231वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भोपाल में महिला सशक्तिकरण और नारी जागरूकता को समर्पित विशेष आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया जाएगा।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'जागो नारी जागो' अभियान है। आयोजन के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, जागरूकता और सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में लोकमाता के जीवन पर आधारित व्याख्यान के साथ नारी वंदन अभियान भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह भी रखा गया है। साथ ही 'जागो नारी जागो' नामक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। पुस्तक के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। आयोजन की जानकारी के अनुसार इसकी अगुवाई श्रीमती जागृति कृष्णकांत पाल, सरपंच, ग्राम पंचायत मंडोरी, भोपाल द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम को लोकमाता अहिल्या बाई के आदर्शों और महिला सशक्तिकरण के संदेश को समाज तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# परिणमन को रोकने का अवसर है चातुर्मास धर्म की साधना से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त

### आचार्यश्री के प्रवचन में समयसार, धर्म, व्रत और आत्मस्वरूप पर गहन चिंतन – बोले, मैं और तुम छोड़ो, वस्तु के स्वरूप की ओर दृष्टि रखो



भोपाल। श्री विद्योदय तीर्थ, एम.पी. नगर में चल रहे पावन चातुर्मास के दौरान रविवार को परम पूज्य आचार्यश्री के मंगल प्रवचन में धर्म, आत्मस्वरूप, परिणमन और साधना के गूढ़ सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि संसार का परिणमन निरंतर चलता रहता है। इसे रोकने के लिए चातुर्मास जैसा दुर्लभ अवसर मिला है। आवश्यकता है कि इस समय का सदुपयोग आत्मकल्याण और धर्माराधना में किया जाए।

आचार्यश्री ने समझाया कि निमित्त का सदुपयोग और दुरुपयोग हमारे परिणामों को प्रभावित करता है, जबकि वास्तविक पुरुषार्थ उपादान की योग्यता के अनुसार ही होता है। जैसे

**मिडिया प्रभारी भविष्य जैन ने बताया की आचार्य श्री ने कहा की** : वृक्ष और बीज की परंपरा निरंतर चलती रहती है, वैसे ही संसार में जन्म-मरण और पर्यायों का क्रम चलता रहता है। संसार का न कोई प्रारंभ है और न अंत, इसलिए इससे ऊपर उठने का एकमात्र मार्ग धर्म की ओर दृष्टि करना है।

**समयसार का स्वाद विरले ही ले पाते हैं** : प्रवचन में समयसार के गहन स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि समयसार का वास्तविक स्वाद विरले लोग ही ले पाते हैं। केवल शब्दों को सुन लेना ही बोध नहीं है। देशना को ग्रहण करने के लिए पात्रता और योग्यता आवश्यक है। धर्म किसी तराजू से तौलने की वस्तु नहीं, वह अतुलनीय है।

आचार्यश्री ने कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र ही धर्म का स्वरूप है। धर्म संसार से उठाने का कारण बनता है। जिसके हृदय में धर्म का वास होता है, उसकी रक्षा देवता भी करते हैं। जन्म या कुल की ऊंच-नीच से अधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति के परिणाम और उसकी धर्मसाधना है।

**व्रत छोटा-बड़ा नहीं, उसका फल अवश्य मिलता है** : आचार्यश्री ने कहा कि कोई भी व्रत छोटा या बड़ा नहीं होता। श्रद्धा और बिना अपेक्षा के गुरु-प्रभु की आराधना करना चाहिए। धर्म का पालन करने वाला व्यक्ति अपने परिणामों को निर्मल करने की दिशा में आगे बढ़ता है। संसारी जीवों के परिणाम कभी ऊपर तो कभी नीचे होते रहते हैं, जैसे रक्तचाप कभी बढ़ता और कभी घटता है; इसलिए साधक को अपने परिणामों पर निरंतर जागरूक दृष्टि रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरु बनाने के बाद भी सभी के परिणाम एक समान नहीं हो जाते। गुणस्थान स्वयं की साधना और पुरुषार्थ पर आधारित है। श्रमण पद को अंगीकार करना महान पुण्य है, लेकिन भावों की निर्मलता के बिना केवल बाहरी स्वरूप मुक्ति का कारण नहीं बन सकता।

**अहंकार के केशों का भी करना होगा लोचन** : प्रवचन में साधना के आंतरिक पक्ष को समझाते हुए कहा गया कि जिस प्रकार बाहरी केशों का लोचन किया जाता है, उसी प्रकार साधक को अहंकार रूपी केशों का भी लोचन करना होगा। केवल द्रव्यलिंग पर्याप्त नहीं, भावलिंग की निर्मलता भी आवश्यक है। चारित्र रूपी खंभे को भी प्रमाद और विकारों से बचाना होगा।

**आचार्यश्री ने साधकों को संदेश दिया**— मैं और तुम छोड़ो, वस्तु के स्वरूप की ओर दृष्टि रखो।

उन्होंने कहा कि जहां हमारा चिंतन समाप्त होता है, वहीं से गुरु का चिंतन प्रारंभ होता है। इसलिए अपने सीमित विचारों से ऊपर उठकर जिनवाणी और गुरु के उपदेश को समझने का प्रयास करना चाहिए।

**धर्म की रक्षा करना प्रत्येक साधक का दायित्व** : प्रवचन के दौरान धर्म की रक्षा, स्वाध्याय और धर्मोपदेश के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कहा गया कि धर्मोपदेश भी स्वाध्याय का ही अंग है। धर्म की रक्षा करो—यह संदेश प्रत्येक धर्मानुरागी के लिए प्रेरणादायी रहा।

आचार्यश्री ने कहा कि भव्य जीव की दृष्टि में मोक्ष की भावना जागृत होती है। अभव्य जीव मोक्ष को प्राप्त नहीं कर सकता, फिर भी उसके निमित्त से किसी भव्य जीव का कल्याण हो सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिणामों को सुधारने और आत्मकल्याण की दिशा में पुरुषार्थ करना चाहिए।

**चातुर्मास आत्मचिंतन और पुरुषार्थ का अवसर** : प्रवचन का सार यही रहा कि संसार का परिणमन रुकने वाला नहीं है, लेकिन साधक अपने परिणामों को बदलने की दिशा में पुरुषार्थ कर सकता है। चातुर्मास केवल चार महीने का धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, स्वाध्याय, संयम और धर्माराधना का विशेष अवसर है। आचार्यश्री के संदेश ने उपस्थित धर्मानुरागियों को अपने जीवन में धर्म को प्राथमिकता देने, जिनवाणी का स्वाध्याय करने और आत्मस्वरूप की ओर दृष्टि करने की प्रेरणा दी।

## 'धागा एक पहचान' ने भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प की समृद्ध परंपरा को दिया नया मंच

### ● मानव संग्रहालय में 'रिवायत : द फैशन शो' ने बिखेरी हस्तनिर्मित परिधानों की खूबसूरती

भोपाल, नप्र। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 2026 के अवसर पर राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय , भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'धागा एक पहचान कार्यक्रम का आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में भारतीय हथकरघा, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र एवं शिल्प कौशल को समकालीन डिजाइन के साथ प्रस्तुत किया गया।

समापन समारोह में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश की निदेशक डॉ. विद्या राकेश, टेक्सटाइल कला विशेषज्ञ श्री मुमताज खान, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुदीपा रॉय, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. शंकर राव, प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी इकाई हेमंत बहादुर सिंह परिहार ,श्री राजेंद्र झरिया , डा. मोहम्मद रेहान , राजीव जैन , आयशा गरबड्डु की सुश्री सोनल वांजारे, विद्यार्थी, कलाकार, शिल्पकार एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। आईजीआरएमएस के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी शंकर राव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प केवल वस्त्र अथवा उत्पाद नहीं हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक स्मृति, स्थानीय पहचान और पीढ़ियों से चली आ रही रचनात्मक परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन पारंपरिक शिल्प को नई पीढ़ी और समकालीन डिजाइन से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

टेक्सटाइल विशेषज्ञ श्री मुमताज़ ख़ान ने बताया कि, कितनी मेहनत के साथ भिन्न राज्यों के पारंपरिक वस्त्र निर्माता ताना बाना बुनकर अपने हैंड मेड उत्पाद मार्केट तक पहुचाते है , किंतु मार्केट में मशीन निर्मित उनसे मिलते जुलते उत्पाद कम कीमत में धड़ल्ले से बिक्री हेतु उपलब्ध हो जाने से कलाकारों को अपने मूल उत्पाद की क़ीमत मिलने में परेशानी होती है ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ डिज़ाइन की निदेशक डॉ. विद्या राकेश ने कहा कि 'धागा एक पहचान' के माध्यम से शिल्पकारों की मेहनत, कौशल और रचनात्मकता को व्यापक मंच प्रदान किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिल्पकारों एवं आयोजन से जुड़े सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुदीपा रॉय द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि आयोजन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए शिल्पकारों ने अपने पारंपरिक शिल्प एवं हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया। 'आर्टिजन वर्क शोकेस' में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के 14 विशिष्ट शिल्पों को प्रदर्शित किया गया, जिसने आगंतुकों को भारतीय शिल्प विविधता से परिचित कराया।

समारोह के दौरान प्रतिभागी शिल्पकारों एवं छात्र स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इसके साथ ही राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन, के साथ हुआ।

संग्रहालय के जन संपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया कि,'धागा एक पहचान' कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कलाओं , कलमकारी, फुलकारी ,चिकनकारी, मधुबनी , पश्चिम बंगाल के जूट आदि शिल्पकारों को मंच देने, भारतीय हथकरघा की विविधता को प्रदर्शित करने तथा युवाओं को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया। आयोजन ने यह रेखांकित किया कि भारतीय हथकरघा केवल हमारी परंपरा नहीं, बल्कि हमारी पहचान और रचनात्मक भविष्य का भी महत्वपूर्ण आधार है।फैशन शो के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प की परंपरा आधुनिक फैशन और डिजाइन की दुनिया में भी अपनी विशिष्ट पहचान कायम रख सकती है।

## एमपी में एलपीजी संकट के बावजूद सुस्त पड़ी पीएनजी की रफ्तार




भोपाल, नप्र। मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए एलपीजी गैस सिलिंडर के संकट ने राज्य की कुकिंग गैस व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। सिलेंडर की किल्लत और आपूर्ति बाधित होने के बावजूद, राज्य में पाइप्ड नेचुरल गैस को अपनाने की रफ्तार काफी सुस्त बनी हुई है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन योजना के तहत सालों से चल रहे काम के बावजूद, उपभोक्ता इस नेटवर्क से तेजी से नहीं जुड़ पा रहे हैं।

पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के 31 मई 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में केवल 3,36,953 घरेलू पीएनजी कनेक्शन हैं। इस आंकड़े के साथ मध्य प्रदेश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में 8वें स्थान पर है।

**शहरों का हाल- इंदौर सबसे आगे, राजधानी भोपाल पिछड़ी** :आंकड़ों के मुताबिक, इंदौर और उज्जैन भौगोलिक क्षेत्र में सबसे ज्यादा 1,35,095 पीएनजी कनेक्शन हैं। इसके बाद ग्वालियर 66,629 कनेक्शनों के साथ दूसरे स्थान पर है। हैरानी की बात यह है कि राज्य की राजधानी भोपाल (राजगढ़ जिले के साथ) में केवल 39,432 कनेक्शन ही हो पाए हैं। एक बड़ा शहरी केंद्र होने के बावजूद भोपाल में पीएनजी अपनाने की दर काफी कम रही है।

**सतना-शहडोल- 10,903 कनेक्शन** :वहीं दूसरी ओर, गुना (1,813), अशोकनगर (1,806), धार (1,804), रीवा (2,830), शिवपुरी (3,126) और मुरैना (4,145) जैसे जिलों में आंकड़ा बहुत कम है। बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट को मिलाकर केवल 172 पीएनजी कनेक्शन ही दिए जा सके हैं।

**देश के अन्य राज्यों की तुलना में मध्य प्रदेश पीछे** :पीएनजी नेटवर्क के मामले में देश के अन्य राज्य मध्य प्रदेश से काफी आगे हैं। महाराष्ट्र 47.42 लाख कनेक्शनों के साथ शीर्ष पर है। गुजरात में 39.08 लाख, उत्तर प्रदेश में 23.06 लाख और दिल्ली में 19.60 लाख कनेक्शन हैं। इसके अलावा कर्नाटक (6.11 लाख), हरियाणा (6.03 लाख) और राजस्थान (5.44 लाख) भी मध्य प्रदेश (3.37 लाख) से काफी आगे हैं।

### सुरक्षित और निर्बाध आपूर्ति का बेहतर विकल्प

हाल ही में पश्चिम-मध्य एशिया में उपजे तनाव के कारण एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई थी, जिससे प्रदेशभर में सिलिंडरों की किल्लत और पैनिक बाइंग की स्थिति बन गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पीएनजी नेटवर्क मजबूत होता, तो इस संकट का असर काफी कम हो सकता था। एलपीजी की आपूर्ति बॉटलिंग प्लांट, ट्रांसपोर्टेशन और ट्रकों पर निर्भर करती है, जबकि पीएनजी सीधे भूमिगत पाइपलाइनों के जरिए घरों तक पहुंचती है। इस कारण यह आपूर्ति नेटवर्क ट्रांसपोर्ट जाम या पैनिक बाइंग जैसी समस्याओं से पूरी तरह सुरक्षित रहता है।

### प्रशासन ने तेज की कवायद

सिलेंडर संकट के बाद अब राज्य सरकार सतर्क हो गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि जिन इलाकों में पीएनजी पाइपलाइन नेटवर्क उपलब्ध है, वहां घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। कंपनी नेटवर्क का विस्तार तो कर रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर धीमी रफ्तार और जागरूकता की कमी के कारण लोग अब भी एलपीजी पर ही ज्यादा निर्भर हैं।

## शादी का वादा कर दुष्कर्म, फिर युवती को दी हनीट्रैप में फंसाने की धमकी; हाईकोर्ट पहुंची युवती



भोपाल, नप्र। शादी का वादा कर युवती से दुष्कर्म करने और बाद में उसे हनीट्रैप के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप में कमलानगर पुलिस ने हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज किया है। खास बात यह है कि पीड़िता ने 10 जुलाई को ही थाने पहुंचकर शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज नहीं किया। इसके बाद उसे न्याय के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

**प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान बढ़ी नजदीकियां** :पीड़िता भोपाल की रहने वाली है और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है। पुलिस के अनुसार सागर निवासी आरोपित उसका परिचित है। दोनों भोपाल में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने उसे हनीट्रैप के मामले में फंसाने की धमकी दी।

**पुलिस कमिश्नर से मांगा गया जवाब**:थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस हिमांशु जोशी की एकल पीठ ने भोपाल पुलिस कमिश्नर से तीन दिन में जवाब मांगा। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आरोपी ने भी युवती के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत** :मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया है। जिस युवक के खिलाफ कमलानगर पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज किया है, उसने युवती के खिलाफ सागर के महरौली थाने में अड़ीबाजी की शिकायत दी थी। यह शिकायत आठ जुलाई को दर्ज कराई गई थी। सूत्रों के अनुसार युवक ने पुलिस को एक आडियो भी सौंपा है, जिसमें युवती द्वारा रुपये मांगने की बात होने का दावा किया गया है।

## तिरंगा यात्रा को लेकर कर्मश्री की बैठक संपन्न, 14 अगस्त को भोपाल में निकलेगी भारत की विशाल तिरंगा यात्रा

### 14 अगस्त को होने वाली भारत की विशाल तिरंगा भोपाल की पहचान बन चुकी है - रामेश्वर शर्मा



भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान हर घर तिरंगा अभियान के तारतम्य एवं अखंड भारत के संकल्प के साथ 14 अगस्त शुक्रवार को मुखर्जी नगर कोलार से संत नगर भोपाल में आयोजित होने वाली भारत की सबसे विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर कर्मश्री की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कर्मश्री के अध्यक्ष एवं हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने तथा तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में कार्यकर्ताओं एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों से हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने हर वर्ष 14 अगस्त को निकाले जाने वाली विशाल तिरंगा यात्रा भोपाल की पहचान बन चुकी है, यह हम सभी भोपाल वासियों के लिए गौरव की बात है। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और राष्ट्र गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनें और 14 अगस्त की विशाल तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए बड़ी संख्या में शामिल हों।

**मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि** : 14 अगस्त को भोपाल में आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। बैठक में तिरंगा यात्रा के मार्ग, व्यवस्थाओं, जनभागीदारी, प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न सामाजिक एवं नागरिक संगठनों की सहभागिता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## भोपाल जेल पहुंचने के दो दिन बाद बंदी की मौत

### आरोप- पुलिस की मारपीट से बिगड़ी हालत, शरीर पर चोटें; चोरी के केस में पकड़ाया था

भोपाल । भोपाल सेंट्रल जेल में बंद 35 वर्षीय बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजन ने सूखी सेवनिया पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि मारपीट में आई चोटों के कारण धीरे-धीरे नीरज की हालत बिगड़ी और समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर जेल प्रशासन का कहना है कि बंदी ने सीने में दर्द और घबराहट की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है।

**गांव से गिरफ्तारी के बाद भेजा था जेल** :मृतक की पहचान नीरज धाकड़ पुत्र केसर सिंह धाकड़ (35), निवासी देवरी गांव, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन के रूप में हुई है। सूखी सेवनिया थाने के प्रभारी अरुण शर्मा के मुताबिक, नीरज को 7 अगस्त को सीमेंट चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# पुलिस के 'सीक्रेट नागरिक' बताएंगे कहां पनप रहा अपराध

### भोपाल में माइक्रो बीट सिस्टम होगा और मजबूत, गोपनीय नागरिक रखेंगे अपराधियों पर नजर

भोपाल । अब अपराधियों से पहले उनकी आहट पुलिस तक पहुंचाने के लिए भोपाल पुलिस शहर के आम नागरिकों को अपने गोपनीय नेटवर्क का हिस्सा बनाने जा रही है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार की पहल पर माइक्रो बीट स्तर पर भरोसेमंद और जागरूक नागरिकों को 'माइक्रो बीट नागरिक प्रभारी' की जिम्मेदारी दी जाएगी। इनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। खास बात यह होगी कि नागरिक अपने इलाके में अपराध, नशाखोरी, संदिग्ध गतिविधियों और अपराधियों की सक्रियता की जानकारी देने के साथ ही लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों की शिकायत भी सीधे वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस कमिश्नर तक पहुंचा सकेंगे।

**अपराध होने से पहले पुलिस को मिलेगी आहट** :पुलिस का मानना है कि किसी भी इलाके में रहने वाले स्थानीय नागरिक वहां की गतिविधियों से सबसे पहले परिचित होते हैं। इसी स्थानीय जानकारी को पुलिसिंग से जोड़ने की योजना है। नागरिक अपने क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की आवाजाही, नशे की गतिविधियों, अपराधियों की सक्रियता और ऐसे विवादों की जानकारी दे सकेंगे, जिनसे भविष्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका हो।

पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के अनुसार, समय पर और सटीक जानकारी मिलने पर अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

**पुलिसकर्मी भी रहेंगे निगरानी के दायरे में** :नई व्यवस्था का एक अहम पहलू पुलिस की जवाबदेही से जुड़ा होगा। यदि किसी नागरिक को लगता है कि क्षेत्र में तैनात बीट प्रभारी या पुलिसकर्मी को किसी अपराध अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी गई, लेकिन उसने कार्रवाई नहीं की, तो इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई जा सकेगी। इससे फील्ड पुलिस की कार्यप्रणाली का भी फीडबैक मिलेगा।

**साफ छवि वाले नागरिकों का होगा चयन** :भोपाल पुलिस प्रत्येक माइक्रो बीट के लिए ऐसे नागरिकों का चयन करेगी, जिनकी स्थानीय स्तर पर अच्छी छवि हो और जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार व विश्वसनीय हों। उनकी पहचान और भूमिका को गोपनीय रखने की व्यवस्था की जाएगी।

**हर महीने होगी सूचनाओं की समीक्षा** :नागरिकों से मिली सूचनाओं, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और शिकायतों की नियमित समीक्षा होगी। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के अनुसार, माइक्रो बीट पुलिसिंग की सबसे छोटी लेकिन महत्वपूर्ण इकाई है। यहां से समय पर और सटीक जानकारी मिलने पर अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# झांसी जिले में पुलिस-प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए तैयारियां की तेज

भारतमत संवाददाता, बरुआसागर (झांसी)।



श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। बरुआसागर क्षेत्र से होकर गुजरने वाले कांवड़ियों के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का क्षेत्राधिकारी टहरौली ने जायजा लिया। उन्होंने मार्ग में स्थापित सुरक्षा बूथों का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह ने बरुआसागर थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह के साथ कांवड़ियों के निर्धारित मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान मार्ग पर लगाए गए बैरिकेड्स, सुरक्षा बूथ और यातायात व्यवस्था की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात सुचारु बना रहे। कांवड़ियों के आवागमन मार्ग को सुलभ और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए यातायात पुलिस की भी तैनाती की गई है। पुलिसकर्मियों को मार्ग पर लगातार निगरानी रखने और आवश्यकता के अनुसार यातायात को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, सुरक्षा बूथों पर तैनात पुलिसकर्मियों को कांवड़ियों की सुरक्षा के साथ-साथ किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए सतर्क रहने को कहा गया। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़ियों के बरुआसागर क्षेत्र से गुजरने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा

## आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

भारतमत संवाददाता, ग्वालियर

ग्वालियर स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को ग्वालियर में भी पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजन की सभी तैयारियां समय रहते विभागीय अधिकारी पूर्ण करें। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के नाम संदेश का सीधा प्रसारण भी किया जायेगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आकर्षक परेड भी निकाली जायेगी। आयोजन के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह, हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ शासन के अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अपर



कलेक्टर श्री सी बी प्रसाद, अपर कलेक्टर श्री अनिल बनवारिया, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रदीप तोमर सहित जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में पूर्ण करें। समारोह पूर्ण गरिमा और भव्यता के साथ आयोजन हो, इसके लिये सभी तैयारियां की जाएं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में समाज के सभी वर्ग शामिल हों। स्कूल, कॉलेजों में भी विभिन्न आयोजन कर बच्चों को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ा जाए। सीएम हैल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों का निराकरण विभागीय अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें।

## हरियाली अमावस्या पर प्रकृति संरक्षण के संकल्प के साथ रोपे जाएंगे 5000 पौधे

ग्वालियर पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरा-भरा बनाने के संकल्प के तहत नगर निगम द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 12 अगस्त 2026 (हरियाली अमावस्या) को प्रातः 8 बजे से रमौआ बांध के पास बन रहे नवीन ई-बस स्टैंड एवं होटल मैरियट के पास आगरा-झांसी हाईवे पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत 5000 पौधे रोपे जाएंगे। इस पौधरोपण कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाएं, छात्र, आदि उपस्थित रहेंगे। पार्क विभाग के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देषानुसार रमौआ बांध के पीछे सुरक्षित जमीन उपलब्ध है।

## हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत गांधी प्राणी उद्यान में चित्रकला प्रतियोगिता 13 अगस्त को

ग्वालियर हर घर तिरंगा अभियान-2026 अन्तर्गत नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में जगह-जगह विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं, इसी क्रम में गांधी प्राणी उद्यान चिड़ियाघर में दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। नोडल अधिकारी चिडियाघर डॉ उपेन्द्र यादव ने बताया कि दिनांक 13.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत होंगे अनेकों आयोजन

ग्वालियर प्रदेश स्तर पर हर घर तिरंगा यात्रा एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर अनेकों आयोजन शहर में किए जाएंगे। प्रत्येक आयोजन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया जाएगा।

# चित्रकूटधाम कर्वी में ट्रेन से 63 लाख रुपये नकद बरामद, एक व्यक्ति पकड़ा गया



भारतमत संवाददाता, झांसी

झांसी। आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर झांसी मंडल में चलाए जा रहे आपराधिक रोकथाम एवं संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु चेकिंग अभियान के दौरान क्राइम विंग (छ×ढ्ढ) झांसी और रेसुब पोस्ट चित्रकूटधाम कर्वी की संयुक्त टीम ने ट्रेन संख्या 18203 बेतवा एक्सप्रेस से 63 लाख रुपये की नकदी बरामद करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा। 10 अगस्त 2026 को चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18203 बेतवा एक्सप्रेस के बी-3 कोच की बर्थ नंबर 19 पर यात्रा कर रहे 60 वर्षीय प्रीतमदास पुत्र स्व. चेतनदास, निवासी वार्ड नंबर 21, रसाला मोहल्ला, मनोहर धाम के पीछे, सिंधी कैंप, रघुराजनगर नगरीय सतना, थाना कोलगवां, जिला सतना (मध्य प्रदेश) को बहिलपुरवा-चित्रकूटधाम कर्वी स्टेशनों के बीच करीब 11:20 बजे संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। उसके पास एक पिट्ठू बैग एवं थैला था, जिसकी जांच करने पर उसमें 63 लाख रुपये की नकदी मिली। पूछताछ में प्रीतमदास ने बताया कि संजय उर्फ संजू नामक व्यक्ति ने उसे उक्त रुपये सतना से कानपुर पहुंचाने के लिए दिए थे। नकदी को अपने पास रखने और ले जाने के संबंध में वह कोई वैध अधिकार पत्र अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसे रेसुब पोस्ट चित्रकूटधाम कर्वी लाया गया, जहां बैंक कर्मचारी एवं नोट गिनने वाली मशीन की सहायता से नकदी की गिनती कराई गई। गिनती में कुल 63,00,000 रुपये (तिरेसठ लाख रुपये) पाए गए। मामले की सूचना उप निदेशक, आयकर विभाग, कानपुर नगर एवं आयकर अधिकारी, आयकर विभाग, बांदा को दी गई। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सुपुर्द करने की प्रक्रिया की गई। इस कार्रवाई में क्राइम विंग (छ×ढ्ढ) झांसी के स.उ.नि. नवीन कुमार, प्र.आ. उमेश कुमार, प्र.आ. तौसीफ खान एवं आ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट तथा रेसुब पोस्ट वीजीएलजे के उ.नि. विनोद मिश्रा एवं प्र.आ. रमेश चंद विश्वकर्मा शामिल रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री अनुपम तिवारी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) को 'एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ' सम्मान

भारतमत संवाददाता, झांसी



उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, तकनीकी दक्षता एवं समर्पण के लिए श्री अनुपम तिवारी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य),/महोबा को 'एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ' सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री अनुपम तिवारी द्वारा चक्क्र (E&cluding) - VGLJ (E&cluding) सेक्शन में अनुरक्षण, अभियांत्रिकीय कार्यों के निष्पादन एवं पर्यवेक्षण में उत्कृष्ट दक्षता एवं समर्पण का परिचय देते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। अनुपम तिवारी द्वारा सबवे 429 पर रेलवे बोर्ड के ट्रायल आइटम 'बैरियर टाइप वाटरप्रूफिंग' का सफल क्रियान्वयन किया गया। साथ ही, टीकमगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के दौरान अभियांत्रिकीय व्यवस्थाओं का सफल पर्यवेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, वर्षा ऋतु में RUB/LHS की डी-वॉटरिंग व्यवस्था एवं Bridge Management System रिपोर्टिंग का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया गया। इससे वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था एवं पुलों से संबंधित कार्यों की निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिली। सेक्शन में वृहद वृक्षारोपण अभियान का सफल संचालन कर पर्यावरण संरक्षण एवं रेलवे परिसरों के सौंदर्यीकरण में भी उल्लेखनीय योगदान दिया गया। श्री अनुपम तिवारी द्वारा तकनीकी कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं रेलवे की परिसंपत्तियों के बेहतर अनुरक्षण के प्रति भी उल्लेखनीय प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई। उपरोक्त अनुकरणीय कार्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडल रेल प्रबंधक, झांसी द्वारा श्री अनुपम तिवारी को 2,000/- रुपये के नकद पुरस्कार के साथ 'एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ' अवार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन श्री नंदीश शुक्ल, अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय आशुतोष चौरसिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोबर नाली में बहाने पर वसूला जुर्माना

भारतमत संवाददाता ग्वालियर। शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।



मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज वार्ड क्रमांक 51 सिकंदर कंपू सुनील सिंह भदौरिया के द्वारा नाली में गोबर बहाने पर 1000 रूपये, वार्ड क्रमांक 41 ब्रज भोग मिष्ठान भंडार के संचालक श्री सुनील जैन द्वारा सड़क पर गंदगी करने पर 1000 रूपये एवं वार्ड क्रमांक 38 में गंदगी फैलाने पर ठेले वालों पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माना कार्रवाई के दौरान श्री सोनू दादोरिया, श्री भीकाराम, श्री करण टक, श्री मनोज भारती, श्री नंदेश कुमार, श्री प्रदीप राज चौहान, श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने किया रामदास घाटी पार्क में पौधरोपण



भारतमत संवाददाता ग्वालियर। एक पेड़ माँ के नाम एवं अमृत हरित महाअभियान के तहत सोमवार को रामदास घाटी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम के पार्क विभाग के अधिकारियों, एवं एएमआई शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने वृहदस्तर पर पौधरोपण किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद उद्यान निरीक्षक श्री राजकुमार राजावत , श्री अंकित परिहार और एएमआई शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों ने पार्क परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस अवसर पर एएमआई स्कूल प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का स्वाभाविक विकास होता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं पार्क टीम के सदस्यों को पर्यावरण सुरक्षा, पौधों की देखभाल और हरित धरोहर को सहेजने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए श्मशान की व्यवस्था की मांग

# मंत्री भगवान सिंह यादव ने शासन से किया अनुरोध, अंतिम संस्कार के लिए हो अलग उचित व्यवस्था

भारतमत संवाददाता, ग्वालियर



देश के विभिन्न प्रांतों एवं प्रदेशों के जिलों, शहरों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा पंचायतों में 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं बच्चियों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए उचित श्मशान व्यवस्था नहीं होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्व कैबिनेट मंत्री भगवान सिंह यादव ने शासन से आवश्यक व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

यादव ने अपने पत्र में कहा है कि वर्तमान में कई स्थानों पर 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के शवों को दफनाने के लिए समुचित स्थान अथवा व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में बच्चों के शवों को कहीं भी छोड़ दिए जाने की घटनाएं होती हैं, जिन्हें बाद में कुत्ते एवं अन्य जंगली जानवर उठा ले जाते हैं। इससे संबंधित क्षेत्र में गंदगी एवं प्रदूषण फैलने के साथ-साथ वातावरण भी दूषित होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से मृत बच्चों के माता-पिता को मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। पूर्व मंत्री ने शासन से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए देश के प्रत्येक प्रांत एवं प्रदेश में 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए उचित एवं निर्धारित श्मशान स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से बच्चों के शवों के साथ होने वाली लापरवाही पर अंकुश लगेगा और परिजनों को भी सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा मिल सकेगी। यादव ने शासन से इस संबंध में कड़े निर्देश जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को लेकर अधिकारी गंभीरता से करें कार्य

ग्वालियर मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले साप्ताहिक शिविर को अधिकारी गंभीरता से लें और सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई एवं लोकसेवा गारंटी के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि के साथ गंभीरता से करायें। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही होगी। उक्ताशय के निर्देष नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने समय सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, अपर आयुक्त वित्त श्री अरविंद शर्मा, उपायुक्त श्री प्रदीप श्रीवास्तव एवं श्री सुनील चौहान सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# झांसी में रायकवार समाज ने पूर्व सांसद फूलन देवी की मनाई 63वी जयंती

भारतमत संवाददाता, झांसी



वार्ड नंबर 31 सीपरी बाजार में रायकवार समाज ने पूर्व सांसद फूलन देवी की 63वीं जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि रायकवार समाज के जिलाध्यक्ष पंकज रायकवार रहे कार्यक्रम में समाज की लगभग 140 लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूर्व सांसद फूलन देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनको याद करते हुए समाज के लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा ली और पंकज रायकवार ने कहा कि हमारा समाज अब किसी भी हाल में पीछे नहीं रहेगा हम समाज के लिए जो हो सकता है वो करेंगे और अपने समाज को शिक्षा संस्कार और हुनर के साथ आगे बढ़ाएंगे इसके लिए हमें हमारे समाज के लिए जो भी करना पड़े वह हम करेंगे साथ ही उन्होंने कहा हमारा समाज एकजुट हो और एक दूसरे को आगे बढ़ाने का काम करें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से यह अपील करते हुए सभी लोग एकजुट होकर समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहने की बात कही। समाज के लिए कार्य करने से हमारा समाज आगे बढ़ेगा इसमें चाहे बेटी की शिक्षा हो या फिर गरीब लोगों की मदद सारे कार्य पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करने का संकल्प लिया।इस मौके पर रायकवार समाज के जिला उपाध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी सहित माया, सुखदेवी, नेहा, नीतू, दीप्ति, मुस्कान ,बाटू, सुजाता अनन्या, दिव्यांशी, रतन, वाला, सुनीता, पूजा ,कोसा भाई गिरजा ,रानू, रानी, संजना, रीता इशिता, लक्ष्मी, ममता, जय ,मीरा आदि लोग उपस्थित रहे। और सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

## हरियाली तीज में महिलाएं सज-धजकर पहुंचीं, किया रैंप वॉक और डांस, खेले गेम्स जीते पुरुस्कार

# दिगंबर पार्श्[वनाथ स्वर्ण महिला मंडल ग्वालियर की ओर हरियाली तीज किया आयोजित

### सावन, स्वतंत्र दिवस ओर रक्षा बंधन के गानों पर महिलाओं ने किया नृत्य।

भारतमत संवाददाता

ग्वालियर -: सावन के महीने में हरियाली तीज का उत्साह देखने को मिला। दिगंबर पार्श्[वनाथ स्वर्ण महिला मंडल ग्वालियर की ओर से आज सोमवार को खास तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें महिलाएं रैंड ओर हरे कलर की साड़ियों में सज-धजकर पहुंचीं और रैंप वॉक, गेम्स, म्यूजिक और डांस के बीच जमकर मस्ती की। वही 15 अगस्त पर स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन के साथ मित्रता दिवस पर भी अपनी प्रस्तुतियां दी गई।जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि





कार्यक्रम में सावन और तीज की थीम पर खास सजावट की गई थी। पारंपरिक साड़ी, लहंगा और आकर्षक ज्वेलरी में सजी महिलाएं उत्सव में शामिल हुईं। उन्होंने सहेलियों के साथ फोटो खिंचवाई और एक-दूसरे के साथ त्योहार की खुशियां साझा की। वही अध्यक्ष मोनिका सेठी, सचिव अर्पिता अजमेरा ओर कोषाध्यक्ष मोनिका पाटनी ने पूर्व अध्यक्ष माधवी शाह, मंजू पाटनी, नमिता पाटनी, रेनू पाटनी आदि का सम्मान किया। स्वागत उद्बोधन मोनिका सेठी ने दिए। संचालन मोनिका सेठी ओर आभार सचिव अर्पिता अजमेरा ने किया।सावन, स्वतंत्र दिवस ओर रक्षा बंधन के गानों पर महिलाओं ने किया नृत्य।जैन सामान के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सावन के कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण अनुपमा कटारिया ने किया। वही सावन गानों पर नृत्य....छतरी न खोल बरसात मै भीग जाने दे.....नदी सुनहरी हरा समुंदर है रे सजीला देस रंगीला रंगीला...भाई के कलाई पर राखियां की डोर बांधी हे....जैसे सावन, रक्षाबंधन, ओर स्वतंत्रता दिवस के गानों पर संयोजिका रेखा कासलीवाल, अनीता भौंच, एकता भौंच, रेणु भौंच, एकता गोलू जैन, नीलम अजमेरा, रोमा सेठी, रेणु कासलीवाल, मालती पाटनी, अनुपमा कटारिया, रितु कासलीवाल ने सामूहिक रूप से नृत्य किया।पारंपरिक परिधानों में किया रैंप वॉक, खेले गेम्स, जीते पुरुस्कार।जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि हरियाली तीज उत्सव का खास आकर्षण रैंप वॉक रहा। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में रैंप पर वॉक कर अपना आत्मविश्वास दिखाया। हर प्रतिभागी ने अपने अंदाज में प्रस्तुति दी। रैंप वॉक के दौरान हॉल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद गेम्स का दौर शुरू हुआ। महिलाओं ने अलग-अलग खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही रक्षा बंधन थाली सजाकर लाने पर विजेता प्रीति पंड्या और पूजा छाबड़ा रही। वही अंब्रेला गेम में प्रिंकी पाटनी ओर मीनाक्षी जैन रही। जीतने वाली प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिए गए।

## संपादकीय

# बढ़ता तापमान, बढ़ता संकट,ठोस कार्रवाई की जरूरत

यूरोप को धरती का ठंडा क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब वहां भी वनाग्नि की घटनाएं आम हो गई हैं। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के जंगल इन दिनों भीषण आग से दहक रहे हैं। यहां करीब ढाई लाख लोगों को घर-बार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दुनिया भर में कई योजनाएं और कार्यक्रम बनाए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उन्हें अमल में लाने की गंभीरता कहीं नजर नहीं आती है। विडंबना यह है कि कार्बन उत्सर्जन में जिन देशों का योगदान सबसे कम है, उन्हें ही जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का खमियाजा सबसे ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। क्लाइमेट इमपेक्ट लेब एक नई अध्ययन रिपोर्ट से भी इस बात की पुष्टि होती है, जिसमें अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक ताप में होने वाली बढ़ोतरी के कारण वर्ष 2050 तक सालाना चार लाख से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। इनमें से दस गुना अधिक मौत गरीब देशों में होंगी, क्योंकि वहां लोगों के पास भीषण गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक शीतलन सुविधाएं उपलब्ध कराने के संसाधन नहीं हैं।यही नहीं, तापमान बढ़ने से जंगलों में आग की घटनाएं भी लगातार भयावह होती जा रही हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि मनुष्य के आवासीय इलाकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।गौरतलब है कि विश्व भर में विकास के नाम पर नए संसाधन विकसित करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। बढ़ते शहरीकरण एवं औद्योगीकरण, वाहनों की संख्या में बेतहाशा इजाफा तथा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और जंगलों को नष्ट किए जाने से कार्बन उत्सर्जन का स्तर लगातार बढ़ रहा है।इसमें सबसे बड़ा योगदान विकसित देशों का है, मगर जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों में वे निचली कतार में खड़े हैं। बढ़ते तापमान की वजह से जंगल की आग भी विनाशकारी साबित हो रही है।यूरोप को धरती का ठंडा क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब वहां भी वनाग्नि की घटनाएं आम हो गई हैं। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के जंगल इन दिनों भीषण आग से दहक रहे हैं। यहां करीब ढाई लाख लोगों को घर-बार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है।भारत में भी हर साल जंगल की आग से वनस्पतियों का व्यापक नुकसान होता है।

# संभल हिंसा- सुनियोजित साजिश, काला सच और तुष्टिकरण की राजनीति

(बृजलाल)

संभल का दंगों का एक लंबा और दर्दनाक इतिहास रहा है, लेकिन यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि घटना के तुरंत बाद 123 दंगाइयों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक के रूप में मैंने राज्य में कानून और व्यवस्था को करीब से देखा व संभाला है। वर्तमान में राज्यसभा सांसद होने के नाते समाज और देश के सामने सत्य लाना मेरा नैतिक दायित्व है। संभल में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट और उच्चस्तरीय जांच आयोग के निष्कर्ष सामने आ चुके हैं। एक पूर्व पुलिस अधिकारी और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरा यह स्पष्ट मानना है कि 24 नवंबर को संभल कस्बे में जो कुछ भी हुआ, वह कोई अचानक भड़का आक्रोश नहीं था, बल्कि एक सुनियोजित तरीके से दंगा कराने की गहरी साजिश थी।

**संभल का प्राचीन इतिहास और हरिहर नाथ मंदिर** – संभल का इतिहास केवल विवादों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र स्थान रहा है। प्राचीन काल से ही संभल हिंदुओं का एक प्रसिद्ध और आस्था का केंद्र रहा है। संभल का प्रसिद्ध मंदिर भगवान हरिहर नाथ (भगवान विष्णु) को समर्पित रहा है। शास्त्रों व लोक मान्यता के अनुसार, भगवान विष्णु यहां अपने दसवें कल्कि अवतार के रूप में अवतरित होंगे। वर्ष 1526 में मुगल आक्रांता बाबर ने इस प्राचीन मंदिर को तुड़वा दिया था। मंदिर के अवशेषों व मलबे का इस्तेमाल करके वहां एक ढांचे का निर्माण कराया गया, जिसे आज संभल की जामा मस्जिद कहा जाता है। न्यायालय के आदेश के तहत जब इस ऐतिहासिक स्थल का वैज्ञानिक सर्वे कराने



के लिए टीम पहुंची, तो सच्चाई सामने आने के डर से एक सोची-समझी साजिश के तहत विरोध व उपद्रव का माहौल तैयार किया गया।

**24 नवंबर 2024 की हिंसा और पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी** – सर्वे के दौरान भीड़ को उकसाकर पुलिस और सर्वे टीम पर प्राणघातक हमले किए गए। उपद्रवियों ने पथराव और गोलीबारी की, जिसमें कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए। दंगाइयों का मुख्य मकसद संभल को हिंदू-मुस्लिम दंगे की आग में झोंकना था। लेकिन मैं उत्तर प्रदेश पुलिस और स्थानीय प्रशासन को बधाई देना चाहता हूं कि उनकी तत्परता, कठोरता और चुस्त-दुरुस्त रणनीति के कारण स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया गया और दंगा फैलने से रोक दिया गया। संभल का दंगों का एक लंबा और दर्दनाक इतिहास रहा है, लेकिन यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि घटना के तुरंत बाद 123 दंगाइयों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस द्वारा दाखिल चार्जशीट पर न्यायालय में ट्रायल शुरू हो चुका है और दोषियों को सख्त सजा होना तय है।

**दंगे के मुख्य किरदार- बिजली चोरी से लेकर दुबई नेटवर्क तक** – एसआईटी की जांच और साक्ष्यों ने इस पूरी साजिश के चेहरों को बेनकाब कर दिया है। सर्वे के विरोध और दंगे की साजिश रचने में मुख्य भूमिका संभल के समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने निभाई। बर्क केवल दंगे की साजिश के आरोपी नहीं हैं, बल्कि वह एक प्रमाणित बिजली चोर भी हैं। बर्क के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में 1 करोड़ 91 लाख रुपये की रिकवरी निकाली गई है, जिसमें से उन्होंने मात्र 6 लाख रुपये जमा किए हैं। एक सांसद होकर कानून से खिलवाड़ करना और सांप्रदायिक तनाव भड़काना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बर्क के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई से पूरे देश में संदेश जाएगा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। सपा विधायक इकबाल महमूद का बेटा सुहैल इकबाल, जामा मस्जिद इंतज़ामिया कमेटी का सदर ज़फ़र अली, सचिव व वकील महसूद अली फ़ारूकी, एडवोकेट क़ासिम ज़माल और नतन (लड्डन) ख़ान भी इस साजिश में प्रमुखता से शामिल रहे। इस हिंसा के तार अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट से भी जुड़े हैं। फरार अपराधी तारिक साटा दुबई में बैठकर इस गिरोह का संचालन कर रहा था। तारिक दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र से हर साल 300 से 350 लग्जरी गाड़ियों की चोरी करवाता था। इन गाड़ियों को नेपाल और उत्तर-पूर्व के रास्तों से विदेशों में बेचा जाता था। इस अवैध कमाई (फंडिंग) का इस्तेमाल विदेशी हथियारों की तस्करी और संभल जैसे स्थानों पर दंगाइयों को हथियार उपलब्ध कराने में किया जाता था।

**निष्पक्ष जांच आयोग और सपा का तुष्टिकरण** – घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 28 नवंबर 2024 को एक उच्चस्तरीय जांच आयोग का गठन किया। इस समिति में इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ए.के. जैन शामिल थे। आयोग की गहन जांच रिपोर्ट में साफ तौर पर बिजली चोर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सपा विधायक के बेटे सुहैल इकबाल की मुख्य भूमिका उजागर हुई है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने पूरे दलबल के साथ संभल जाकर इस दंगाई और बिजली चोर सांसद के समर्थन में खड़े हो गए। यह वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है।

**संभल में जनसांख्यिकी परिवर्तन** – संभल में 1920 के दशक से लेकर अब तक 16 बड़े दंगे हो चुके हैं। पिछली सरकारों की तुष्टिकरण नीतियों के कारण दंगाइयों पर कभी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसका परिणाम यहां जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) परिवर्तन के रूप में सामने आया। आजादी के समय संभल कस्बे में 45 प्रतिशत हिंदू और 55 प्रतिशत मुस्लिम आबादी थी। लगातार होने वाले दंगों, प्रताड़ना और असुरक्षा के कारण हिंदुओं को यहां से पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा। आज संभल कस्बे में हिंदुओं की आबादी घटकर मात्र 15-20 प्रतिशत रह गई है।

**1978 के नृशंस होली दंगे का काला सच** – 29 मार्च 1978 को होली के दिन संभल में भीषण हिंसा हुई थी, जिसमें 184 हिंदुओं की नृशंस हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा हिंदू समुदाय के सैकड़ों लोग घायल हुए और उनकी संपत्तियां लूट ली गईं। संभल के प्रसिद्ध व्यापारी बनवारी लाल गोयल की उनकी ही फैक्टरी में हत्या कर दी गई, जहां दर्जनों हिंदुओं ने जान बचाने के लिए शरण ली थी। एक अन्य व्यवसायी लाला राम शरण रस्तोगी की हत्या कर उनके शव को दुकान के सामने स्थित कुएं में फेंक दिया गया था

**मुलायम सरकार का अन्यायपूर्ण फैसला** – 1978 के दंगे के मुकदमों में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी और अदालत से निर्णय आने ही वाला था। लेकिन दिसंबर 1993 में जैसे ही मुलायम सिंह यादव दूसरी बार मुख्यमंत्री बने, सरकार ने मात्र 18 दिनों के भीतर 1978 दंगे के अभियुक्तों के खिलाफ चल रहे सभी मुकदमों को अदालत से वापस ले लिया। शफ़ीकुर्रहमान बर्क और आज़म ख़ान जैसे नेताओं के दबाव में मुकदमों की वापसी के बाद संभल के हिंदुओं को अपनी जमीन, मकान, पुश्तैनी मंदिर, ऐतिहासिक कुएं और बावड़ियां छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा।

**बदलता उत्तर प्रदेश और कानून का राज** – 1978 के दंगे के बाद से ही संभल में अपराधियों और दंगाइयों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित है।

# शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करवाना बहुत बड़ी चुनौती !

(दीपक कुमार त्यागी )

हालांकि पुलिस-प्रशासन को इस वर्ष कांवड़ियों की संख्या में भारी इज़ाफ़ा होने की उम्मीद थी। ऐसी स्थिति में विशेषकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के ऊपर पर एक तरफ तो कांवड़ियों के लिए विभिन्न आवश्यक व्यवस्था बनाने की चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ़ चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने कि अहम जिम्मेदारी है। देवाधिदेव भगवान महादेव के प्रिय श्रावण मास में मां गंगा के जल से अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए दिल्ली और आसपास स्थित विभिन्न राज्यों के शिवभक्तों का उत्तराखंड से कांवड़ लाने के लिए अब तांता लगना शुरू हो गया है। इस बार तो कांवड़ यात्रा के शुरुआती दिनों में ही शिवभक्तों की भारी भीड़ सड़कों पर नज़र आने लगी है। कांवड यात्रा के मद्देनजर ही उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान आदि में शिवभक्तों की सुरक्षा के सिस्टम ने बेहद ही चाक-चौबंद व्यवस्था की है। शिवभक्तों के लिए रेलवे, परिवहन, विधुत विभाग आदि ने भी विशेष तैयारियां की हैं। सिस्टम ने पवित्र श्रावण मास में देवाधिदेव भगवान महादेव के करोड़ों शिवभक्तों को शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सकुशल कांवड़ यात्रा करवाने के लिए सुरक्षा, भोजन, पेयजल, चिकित्सा आदि व्यवस्था की बड़े पैमाने पर तैयारियां की है। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करवाने के लिए उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान आदि का पुलिस-प्रशासन दिन-रात एक करके अपने पूरे दल-बल के साथ सड़कों पर उतरकर के धरातल पर व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। हालांकि पुलिस-प्रशासन को इस वर्ष कांवड़ियों की संख्या में भारी इज़ाफ़ा होने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में विशेषकर उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के पुलिस-प्रशासन के ऊपर पर एक तरफ तो कांवड़ियों के लिए विभिन्न आवश्यक व्यवस्था बनाने की चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ़ चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था करने कि अहम जिम्मेदारी है। वैसे भी उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव का वर्ष होने के चलते वहां के सिस्टम के सामने भगवान शिव की भक्ति के वातावरण को बनाएं रखने की बड़ी चुनौती खड़ी है। हालांकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर सिस्टम के द्वारा जिस तरह से उत्तर प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों का सेवाभाव के साथ पलक-पांवड़े बिछाकर के स्वागत किया जाता है और कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाता है, इस स्थिति ने पिछले कई सालों से शिवभक्त कांवड़ियों की संख्या में भारी इज़ाफ़ा करने का कार्य कर दिया है। जिसके चलते कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए धरातल पर एक बेहद फुलप्रूफ व्यवस्था बनाते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था करना चुनौती पूर्ण कार्य बन गया है। हर वर्ष की तरह ही कांवड़ यात्रा में पुलिस-प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह लाखों शिवभक्तों के बीच छिपे हुए चंद अराजकता फैलाने वाले हुड़दंगियों व नशेड़ियों की कैसे पहचान करें। हालांकि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के पुलिस-प्रशासन के पास भक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रण करने व उनके लिए समुचित व्यवस्था करने का दशकों पुराना लंबा अनुभव है, जिस अनुभव के ही बलबूते पर ही इन राज्यों का सरकारी अमला हर वर्ष ऐसे मेलों में उत्पन्न विकट से भी विकट परिस्थितियों से भी आसानी से निपट लेता है। लेकिन इस बार तो शुरूआती दिनों से ही शिवभक्त कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ती नज़र आ रही है, बड़ी संख्या में ही कांवड़िए मां गंगा का दिव्य जल लेकर के अपने गंतव्य स्थल की तरफ़ वापस चल दिए और एक-एक दिन के साथ ही शिवभक्त कांवड़ियों की यह संख्या तेज़ी से बढ़ती जा रही है। वहीं उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में कुछ हुड़दंगियों के द्वारा बवाल किये जाने की भी घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। जिसके चलते ही उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में शुरूआती दौर के दिनों में ही कांवड़ यात्रा मार्ग के अधिकांश रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट करते हुए बहुत सारी जगहों पर ट्रैफिक को वन-वे तक भी करना पड़ गया है, हालांकि ऐसा करने से लोगों को काफ़ी असुविधा भी हो रही है, लेकिन पुलिस-प्रशासन के पास इसके अलावा कोई विकल्प अभी तो मौजूद नहीं है। वैसे भी हमारे प्यारे देश में जिस तरह का माहौल चल रहा है, उस स्थिति में शिवभक्त कांवड़ियों की सुरक्षा की पूरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट व वन-वे करने की यह व्यवस्था सिस्टम का बेहद जरूरी कदम है। इसलिए ही उत्तराखंड से लेकर के कांवड़ यात्रा के पूरे मार्ग पर अब चप्पे-चप्पे पर होमगार्ड, ट्रैफिक पुलिस, पुलिस, पीएसी, आरएएफ, एटीएस आदि तक का बेहद ही सख्त पहरा नज़र आने लग गया है। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व गोताखोरों की टीम दल-बल के साथ तैनात हैं, कांवड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह अग्निशमन विभाग के जांबाजों, जिला प्रशासन की टीम, चिकित्सा विभाग की टीम, नगर निगम, नगर पालिका परिषद जिला पंचायत व ग्राम पंचायत आदि के कर्मचारियों, अधिकारियों ने चौबीस घंटे मोर्चा संभाल रखा है। वहीं पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी स्वयं पूरी टीम के साथ सड़कों पर उतरे हुए हैं और हर व्यवस्था को स्वयं परखने का कार्य कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग पर किसी भी तरह का कोई भी विवाद खड़ा होने पर पुलिस-प्रशासन तुरंत सूझबूझ से मामले को शांत कराते हुए, दोषियों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही करते हुए माहौल को सामान्य करने का कार्य बखूबी कर रहा है। सरकार व सिस्टम कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की कोई लापरवाही व कोई भी चूक बिल्कुल भी नहीं चाहता है। बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए सख्ती का आलम यह हो गया है कि गाजियाबाद तक में भी 29 जुलाई से ही भारी वाहनों के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग को बंद करते हुए रास्ते के बहुत सारे कट बंद कर दिए है और कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रास्ते वन-वे करने की युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। वैसे कांवड़ यात्रा के दौरान हर वर्ष ही क्षेत्रवासियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अलग कांवड़ यात्रा मार्ग ना होने से पुलिस-प्रशासन के पास कम से कम फिलहाल तो अन्य कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। कांवड़ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था का आलम देखें तो गाजियाबाद जनपद में ही, पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड़, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल व अन्य सभी आवश्यक विभागों के मुखिया अपनी पूरी टीम के साथ चौबीसों घंटे मुस्तैद खड़े हुए नज़र आते हैं।

## वर्ग पहेली 6179

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | |
| 9 | | 10 | | | | 11 | |
| | | | | 12 | | | |
| 13 | 14 | | 15 | | | 16 | 17 |
| 18 | | | 19 | | 20 | | |
| | 21 | | | | 22 | | |
| 23 | | | 24 | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. भारत की इस प्रथम महिला आई.पी.एस.अधिकारी का जन्मदिवस है (09 जून 1949)(5)
5. सिर के बाल झड़ने का रोग (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
8. गानवृंद, गायक दल (5)
9. वर्षा के समान गिरना, क्रुद्ध होना (4)
11. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
12. गेंहू, जौ आदि पौधे के डंठलों के छोटे टुकडे जो पशु भोजन के रूप में इस्तेमाल होती है (2)
13. डायरी जिसमें दैनिक कार्यो का विवरण लिखा जाता है (5)
16. उम्मीद, वस्तु आदि पाने का अल्पनिश्चय (2)
18. मथुरापति कंस के मल्ल का एक नाम, भाला (3)
19. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
21. पगश्रृंगार, पायजेब (3)
22. पुनीता, पवित्रा (3)
23. दृश्य (2)
24. व्यतीत होना, फल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुस्तक विक्रेता को यह भी कहा जाता है (3)
2. दौड़ने वाला (अंग्रेजी)(3)
3. पराया, गैर आदमी, अनजान (3)
4. दयनीय दशा या अवस्था वाला (2)
5. यह नदी गंगा की सहायक नदी है (3)
6. महान, पूज्य, मोहतरम (3)
10. अंदर भरना, गुंजाईश होना (3)
12. भूकंप, जलजला, भूडोल (3)
16. कलेवा, नाश्ता (4)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. आने वाला, भविष्य में होने वाला (3)
17. दुर्गा, माता सरस्वती का एक नाम (3)
20. प्रवाहित होना, जल प्रवाह होना (3)

### वर्ग पहेली 6178 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑ | ल | इ | डि | या | रे | डि | यो |
| स्क | | त | | क | ज | | ग |
| र | म | जा | न | | गा | ज | |
| | ह | म | | व | री | य | ता |
| त | त्व | | आ | ली | | कि | ला |
| | पू | ज | क | | | श | ब |
| पू | र्ण | | ब | लि | दा | न | |
| जा | | मौ | र | | वा | | सा |

# नशे के विरुद्ध एक अभियान

(मृत्युंजय दीक्षित)

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का ही एक हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना तथा दूसरा है, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री मोदी ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का प्रारंभ करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहाकि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं, बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का ही एक हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ ही नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देश भर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को ही नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं,योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक,सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ़ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्कॉन से लेकर माताअमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। राष्टीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक संगठन विश्व हिंदू परिषद पहले से ही व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है। युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी नशे की जड़ों पर प्रहार करने का युद्ध छेड़ रखा हैं। ड्रग्स माफियाओं पर कार्रवाई कई गुना बढ़ गई है। तस्करी करके बड़ी मात्रा में विदेशों से आने वाली ड्रग्स की जब्ती बंदरगाहों तथा एयरपोर्ट्स की जा रही है और उसे नष्ट किया जा रहा है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपके लिए तीसरे भाव में होगा. मन अस्थिर रहेगा. दृढ़ निश्चयी नहीं होने से आप किसी भी तरह का कोई निर्णय लेने में असमर्थ रहेंगे. महत्वपूर्ण कार्य स्थगित रखने पड़ेंगे. नौकरी और व्यापार में विरोधियों का सामना करना पड़ेगा. नए काम की शुरुआत करने के लिए प्रेरित होंगे.

### वृष

आज आपके लिए दूसरे भाव में होगा. हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे. आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे. जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है. आज कोई भी नया काम शुरू करना आपके हित में नहीं है. वाद-विवाद या चर्चा में आप जिद्दी बने रहेंगे.

### मिथुन

आज आपके लिए पहले भाव में होगा. आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा. स्वादिष्ट भोजन, सुंदर वस्त्र और आभूषण मिलने से मन प्रसन्न रहेगा. स्वजनों के साथ आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा. दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा.

### कर्क

आज आपके लिए बारहवें भाव में होगा. आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे. परिवार में मतभेद होने से परिवार का वातावरण तनावपूर्ण रहेगा. मन में किसी बात की दुविधा रहेगी. आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे. वाणी पर संयम रखें, अन्यथा मतभेद हो सकता है. अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें.

### सिंह

आज अनिर्णय की स्थिति रह सकती है. आप मिले हुए मौकों का फायदा नहीं उठा सकेंगे. विचारों में ही आपका मन अटका रहेगा. दोस्तों और खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ मिलेगा. व्यापार में फायदा होगा. संतान के संबंध में चिंता रह सकती है. अच्छा भोजन प्राप्त होगा.

### कन्या

आज आप सफलतापूर्वक नए काम कर सकेंगे. व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन लाभदायी है. पदोन्नति की संभावना है. कार्यस्थल पर आपको कोई नया काम मिल सकता है. व्यापार में लाभ मिल सकता है. गृहस्थ जीवन में आनंद का माहौल रहेगा. परिवार में भी प्यार रहेगा. पिता से लाभ के संकेत हैं।

### तुला

आज कार्यस्थल पर आपको अधिकारियों की नाराजगी सहन करनी पड़ेगी. व्यवसाय में परेशानी खड़ी हो सकती है. संतान के प्रति चिंता होगी. दूर की यात्रा का आयोजन होगा. धार्मिक यात्रा के भी योग हैं. लेखन और साहित्य सृजन कर सकेंगे. आज विरोधियों के साथ विवाद टालें. जीवनसाथी के विचारों का भी सम्मान करें, अन्यथा आपके बीच मतभेद हो सकता है.

### वृश्चिक

आज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. कफ, सांस में तकलीफ या पेट दर्द की परेशानी हो सकती है. आज मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे. किसी बात की चिंता लगी रहेगी. क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा. किसी भी अनैतिक और सरकार विरोधी काम से दूर रहें, अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं.

### धनु

आज बौद्धिक और तार्किक विचारों से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे. सम्मान मिलेगा. मित्रों के साथ मुलाकात होगी. उनके साथ घूमने- फिरने या मनोरंजन स्थल की यात्रा करने के योग हैं. अच्छे भोजन और सुंदर परिधान से आप का मन खुश रहेगा. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. मित्रों संग अच्छा लगेगा. पार्टनरशिप के काम में आपको फायदा होगा।

### मकर

आज आपके व्यापार का विकास होगा. आर्थिक रूप से लाभदायक दिन है. पैसे का लेनदेन सरल होगा. परिवार में सुख और शांति का माहौल रहेगा. सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा. ननिहाल पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे. विरोधियों को पराजित करने में कामयाब होंगे, हालांकि कानूनी मामलों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है.

### कुंभ

आज महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा. यात्रा में परेशानी हो सकती है. निर्धारित काम पूरा नहीं होने से आपको काफी निराशा होगी. मन अशांत रहेगा. पेट दर्द सताएगा. संतान की बीमारी या पढ़ाई के संबंध में चिंता रहेगी. आज आपको केवल अपना काम करना चाहिए.

### मीन

आज ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा. मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. रिश्तेदारों तथा मित्रों से वाद-विवाद हो सकता है. कई परेशानियां तथा विरोधी परिस्थितियों के कारण आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है. किसी भी तरह के दस्तावेजी काम के प्रति सावधानी बरतें. मानहानि होने की आशंका रहेगी.

## फटाफट खबरें

### तिरंगा यात्रा से लौट रही बस पलटी, 28 घायल

**जम्मू, (ईएमएस)।** जम्मू में रविवार रात सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पास एक फ्लाईओवर पर तिरंगा यात्रा के प्रतिभागियों को ले जा रही एक मिनी बस पलट गई जिसमें 28 युवतियां घायल हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि 18 से 25 साल की आयु की ये युवतियां शहर में बहू किले से मुबारक मंडी तक आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेने के बाद घर लौट रही थीं। सीएम उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और संबंधित अधिकारियों को सभी जरुरी चिकित्सा देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये युवतियां बीजेपी से जुड़े एनजीओ की एक पहल नारी वीरांगना परियोजना का हिस्सा थीं। हादसे की सूचना मिलने के बाद बीजेपी के नेता अस्पताल पहुंचे पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक युद्धवीर सेठी ने कहा कि अधिकांश घायलों की हालत स्थिर है।

### 9.73 करोड़ से होगा नैनी झील का सौंदर्यीकरण

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** दिल्ली नगर निगम ने मॉडल टाउन स्थित नैनी झील के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 9.73 करोड़ रुपए की परियोजना शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत कोरोनेशन पिलर सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) से सीवर का शोधित पानी झील में पहुंचाया जाएगा। इसका उद्देश्य शोधित अपशिष्ट जल के दोबारा इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 'अमृत 2.0' योजना के तहत शुरू की गई इस परियोजना का उद्घाटन रविवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, विधायक अशोक गोयल, क्षेत्रीय पार्षद विकेश सेठी और एमसीडी के उपायुक्त मोहित बंसल की मौजूदगी में किया गया। अधिकारियों के मुताबिक एसटीपी से शोधित जल नैनी झील में पहुंचाया जाएगा, जबकि अतिरिक्त शोधित जल का इस्तेमाल आसपास के निगम पार्कों की सिंचाई के लिए किया जाएगा।

### कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता : किरोड़ी लाल

**जयपुर, (ईएमएस)।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने एक आदिवासी महोत्सव में आरक्षण का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब तक मैं जीवित हूं तब तक आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता है। मीणा ने आरक्षण खत्म करने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि जब तक किरोड़ी लाल के शरीर में जान है, कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता। मंत्री ने आदिवासी युवाओं से नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और सामाजिक बुराइयों से लड़ने के लिए मिलकर काम करने की अपील भी की।

### दीक्षांत समारोह में सीजेआई को आमंत्रित करने का विरोध

**हैदराबाद, (ईएमएस)।** हैदराबाद स्थित 'राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान अकादमी' के कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय के कुलपति, रजिस्ट्रार और शिक्षकों को पत्र लिखकर दीक्षांत समारोह में भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। विश्वविद्यालय के 2026 बैच के कुछ छात्रों ने 23 जुलाई को भेजे गए एक ई-मेल में कहा कि उनकी चिंता इसको लेकर है कि सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए शांतिपूर्ण 'चलो संसद' प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की ज्यादती से संबंधित याचिका तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की अनुमति नहीं दी थी।

### सड़क हादसे में घायल छात्रा की मौत

**अमरावती, (ईएमएस)।** आंध्रप्रदेश के राजमहेंद्रवरम में सड़क हादसे में घायल हुई मेडिकल छात्रा की रविवार को मौत हो गई। सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने छात्रा की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया और उसके परिवार को 20 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया। यह हादसा गुरुवार को राजमहेंद्रवरम के एक शॉपिंग मॉल के बाहर हुआ था। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो मेडिकल छात्रों- प्रियंका और उमेश को टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। इस बीच प्रियंका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने उठ रहे सवालों और आरोपों को 'मिथक' बताया....

# एफसीआरए से नहीं रुकेगी विदेशी फंडिंग

**नई दिल्ली/वाशिंगटन, (ईएमएस)।** विदेशी चंदे और एनडीओ की फंडिंग से जुड़े बिल 2026 को लेकर जारी बहस के बीच अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में बिल को लेकर उठ रहे सवालों और आरोपों को 'मिथक' बताते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य विदेशी फंडिंग को रोकना नहीं, बल्कि उसके इस्तेमाल में पारदर्शिता बढ़ाना, प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना और नियमों को स्पष्ट करना है। मीडिया रिपोर्ट में क्वात्रा के मुताबिक भारत में विदेशी योगदान को नियंत्रित करने की व्यवस्था नई नहीं है। एफसीआरए का पहला संस्करण 1976 में आया था, जबकि 2010 में इसे नए ढांचे के साथ लागू किया गया। इसके बाद 2016, 2018 और 2020 में भी इसमें संशोधन किए गए। उनके मुताबिक 2026 का प्रस्तावित संशोधन इसी प्रक्रिया की अगली कड़ी है।

सरकार का कहना है कि एफसीआरए विदेशी योगदान लेने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाता। स्वास्थ्य, शिक्षा, शोध, राहत और मानवीय गतिविधियों समेत कई क्षेत्रों में नियमों के तहत विदेशी योगदान लिया जा सकता है। एफसीआरए व्यवस्था का मूल आधार पंजीकरण, निर्धारित प्रक्रिया के तहत विदेशी पैसा हासिल करना और उसके इस्तेमाल का हिसाब देना है। क्वात्रा ने एनजीओ की फंडिंग को लेकर उठ रही चिंताओं का जवाब देते हुए कहा कि भारत में विदेशी योगदान का प्रवाह समय के साथ बढ़ा है। 2010-11 में करीब 1.2 अरब डॉलर का विदेशी योगदान दर्ज किया गया था, जो बाद में बढ़कर करीब 2.67 अरब डॉलर तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि देश में एनजीओ की संख्या लाखों में है, जबकि एफसीआरए के तहत पंजीकृत संस्थाएं इसका अपेक्षाकृत छोटा हिस्सा हैं।

### वित्तीय निगरानी सिर्फ भारत की नीति नहीं



क्वात्रा ने यह भी कहा कि विदेशी वित्तीय प्रवाह और विदेशी प्रभाव की निगरानी केवल भारत की नीति नहीं है। उन्होंने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ की व्यवस्थाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि इन देशों में भी विदेशी फंड और प्रभाव को लेकर नियामक प्रावधान मौजूद हैं या उन्हें मजबूत किया जा रहा है। बता दें 25 मार्च 2026 को केंद्र सरकार ने एफसीआरए विधेयक लोकसभा में पेश किया था। यह मौजूदा एफसीआरए, 2010 में बदलाव का प्रस्ताव करता है।

### एफसीआरए बिल पर कांग्रेस का कड़ा रुखः बताया 'ईसाई विरोधी'

संसद के मानसून सत्र में सरकार द्वारा विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (एफसीआरए) में संशोधन के लिए नया बिल लाने की चर्चा के बीच, कांग्रेस ने इसका पुरजोर विरोध कर रही है। कांग्रेस ने प्रस्तावित एफसीआरए बिल को 'ईसाई विरोधी' बताया है। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि यह विधेयक देश में काम कर रहे अल्पसंख्यक संगठनों, विशेषकर ईसाई समुदायों द्वारा संचालित दूर-दराज के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में चल रहे स्कूलों और अस्पतालों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने चिंता जाहिर की है कि नए नियमों के तहत जिला मजिस्ट्रेट या उप-जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को उल्लंघन के आरोप में किसी भी संस्था की संपत्ति पर कब्जा करने का अधिकार मिल जाएगा, जिसमें पुराने मामले भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगर मोदी सरकार जल्दबाजी में बिल लाती है, तब उनका यह सपना पूरा नहीं होने दिया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस केवल एक विधायी मुद्दा नहीं, बल्कि अल्पसंख्यक वोटर्स को अपने पाले में लाने का एक बड़ा मौका मान रही है। केरल और पूर्वोत्तर के राज्यों के अलावा आंध्र प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों में भी ईसाई आबादी का एक बड़ा हिस्सा है।

### ट्रंप, ईरान से युद्ध खत्म होने का ऐलान कर जनता को गुमराह कर रहे

अमेरिकी सीनेटर क्रिस मर्फी ने सीनेट में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर ईरान युद्ध को लेकर महीनों से अमेरिकी लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। मर्फी ने कहा कि ट्रंप बार-बार यह कहते रहे कि ईरान युद्ध पर समझौता बस होने वाला है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मर्फी के मुताबिक इन ऐलानों का इस्तेमाल बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया, ताकि ट्रंप के दोस्त और परिवार इससे फायदा उठा सकें। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीनेटर मर्फी ने राष्ट्रपति ट्रंप के हालिया 100,000 अमेरिकी डॉलर महीने वाले सब्सक्रिप्शन का भी जिक्र किया, जिसके तहत ट्रंप की ट्रुथ सोशल पोस्ट पहले से देखने की बात कही गई। रिपोर्ट के मुताबिक मर्फी ने कहा कि ट्रंप की पूरी रणनीति लोगों को गुमराह करने और झूठ बोलने पर टिकी है। मर्फी ने कहा कि लोगों से कहा जाता है कि चिंता मत कीजिए, भले ही अंत नहीं दिख रहा हो, भले ही कीमतें चुकानी पड़ रही हों, भले ही अमेरिका के पास कोई साफ रास्ता नहीं दिख रहा हो, लेकिन युद्ध बस खत्म होने वाला है। उन्होंने कहा कि ट्रंप के ऐसे दावों में एक साफ पैटर्न दिखता है। मर्फी के मुताबिक व्हाइट हाउस जनता से इस युद्ध की असली स्थिति पर सीधी बात नहीं कर रहा। ट्रंप आमतौर पर रविवार रात या सोमवार सुबह बाजार खुलने से ठीक पहले, यह घोषणा करते हैं कि युद्ध अब खत्म होने वाला है।

# कश्मीर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू, 17 तक चलेगा

» देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**श्रीनगर, (ईएमएस)।** कश्मीर संभाग क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान-2026 और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के जश्न की शुरुआत हुई। देशभक्ति, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों से भरपूर यह अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। अनंतनाग में आयोजित समारोह में डिप्टी कमिश्नर डा. बिलाल मोहिउद्दीन भट मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभागों के अधिकारी, नागरिक, युवा स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

शोपियां में गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में एक बड़ा कार्यक्रम हुआ। इस अभियान में लोगों की भारी भागीदारी देखी गई। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त करने और देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए एक साथ आए। स्कूलों और संस्थानों ने भी इस अभियान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर शोपियां के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर डा. ज़ाकिर हुसैन नागरिकों व देश के बीच के रिश्ते को मजबूत करने में हर घर तिरंगा पहल के महत्व पर ज़ोर दिया।

कुपवाड़ा में अलग-अलग जगहों पर बड़ी रैलियां निकाली गई जिनमें स्कूलों और कालेजों के छात्र, यूथ सर्विसेज़ एंड स्पोर्ट्स और सोशल वेलफेयर विभागों के अधिकारी, सुरक्षा बल के जवान और आम लोगों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। त्राल में एक बड़ी तिरंगा रैली हुई। इस रैली में तिरंगे के नीचे एकता, देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का शानदार नज़ारा देखने को मिला जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

## देश में चार हाईकोर्ट को मिलेंगे नए चीफ जस्टिस

कालेजियम ने की नियुक्त करने की सिफारिश की



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश के सात हाईकोर्ट इस समय नियमित मुख्य न्यायाधीश (चीफ जस्टिस) के बिना संचालित हो रहे हैं। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने चार प्रमुख हाईकोर्ट में नियमित चीफ जस्टिस नियुक्त करने के लिए चार नए नामों की संस्तुति की है। इनमें बॉम्बे, कलकत्ता, पटना और पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट शामिल हैं। कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी को बॉम्बे हाईकोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वी. कामेश्वर राव को पटना हाईकोर्ट, जबकि बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस रवींद्र वी. घुगे को कलकत्ता हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा को उसी अदालत का नियमित चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई

## शुभेंदु अधिकारी बोले- जनता के गुस्से का नतीजा

▶▶ पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काफिले पर हमले पर सियासत तेज



**कोलकाता, (ईएमएस)।** पश्चिम बंगाल के हलीशहर में तृणमूल कांग्रेस के मृत कार्यकर्ता के परिजन से मिलने जा रहीं ममता बनर्जी के काफिले के विरोध को लेकर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि विरोध प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्यकर्ता ने नहीं किया, बल्कि यह जनता के भारी गुस्से का नतीजा था। उन्होंने कहा कि मौके पर न तो भाजपा का कोई कार्यकर्ता मौजूद था और न ही पार्टी का झंडा दिखाई दिया।

हलीशहर जाते समय प्रदर्शनकारियों ने ममता बनर्जी के वाहन को घेर लिया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने उनकी कार पर कीचड़, जूते और पत्थर भी फेंके। ममता बनर्जी उस तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रही थीं, जिसकी कथित तौर पर पुलिस हिरासत में मौत हुई थी।

शुभेंदु अधिकारी ने घटना में भाजपा की किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ लोगों में नाराजगी है और इसी वजह से उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारी ने आरजी कर मामले की पीड़िता को लेकर भी ममता पर सवाल उठाए।

### सरकार के इशारे पर चल रही है पुलिस

उन्होंने कहा कि ममता को पीड़िता के परिवार से मिलकर माफी मांगनी चाहिए थी। अधिकारी ने कहा कि पीड़िता की मां हालिया विधानसभा चुनाव में भाजपा विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से सवाल किया कि वह पीड़िता की दूसरी बरसी पर उसके परिवार से मिलने क्यों नहीं गईं। ममता बनर्जी ने अपने काफिले पर हुए विरोध के लिए भाजपा समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि दिवंगत तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार को भाजपा समर्थकों की ओर से धमकाया जा रहा था। ममता ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस बल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## अब झारखंड परीक्षा मामले में ईडी की एंट्री

**रांची, (ईएमएस)।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षाओं में हुई धांधली और गड़बड़ियों के मामले में ईडी ने शिकंजा कस दिया है। जांच एजेंसी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज कर किया है। ये कार्रवाई परीक्षा प्रक्रिया में पैसों के अवैध लेनदेन और भ्रष्टाचार की जांच के लिए की गई। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने करीब एक सप्ताह पहले इस मामले में केस फाइल किया था। ईडी अब इस पूरे मामले में पैसों के लेनदेन और इसमें शामिल अधिकारियों की भूमिका की जांच करेगी। बता दें 9 अगस्त को छात्रों और सरकार के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई थी।

## विवाद : असम रेजीमेंट के 11 जवानों पर मुकदमा दर्ज

▶▶ चीन सीमा के पास हुआ बवाल



**गोपेश्वर, (ईएमएस)।** चीन सीमा के पास स्थित उत्तराखंड के माणा गांव में पुलिस और असम रेजीमेंट के जवानों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि वाहनों की जांच के दौरान शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस ने मामले में असम रेजीमेंट के मेजर अनमोल प्रीत समेत 10 से अधिक जवानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, रेजीमेंट के स्तर पर भी मामले में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार शाम करीब छह बजे माणा गांव के पास हुई। उस समय पुलिस ने कांवड़ियों की अधिक संख्या को देखते हुए बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। भीड़ के कारण सड़क पर जाम जैसी स्थिति बनी हुई थी। इसी दौरान 64 इंजीनियरिंग असम रेजीमेंट के मेजर अनमोल प्रीत अपने वाहन से वहां पहुंचे। वाहनों के दस्तावेजों की जांच में देरी को लेकर मेजर और ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के जवान के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद मेजर वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद अन्य जवानों के साथ वापस लौटे। पुलिस का आरोप है कि इस दौरान होमगार्ड के साथ मारपीट की गई।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

विवाद की सूचना मिलने पर बदरीनाथ थाने से एक उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि सेना के जवानों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद रेजीमेंट के जवान मौके से चले गए। मामले में पुलिस कांस्टेबल विजय सिंह की तहरीर पर बदरीनाथ थाने में मेजर अनमोल प्रीत और उनके साथ आए जवानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चमोली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सांप ने 6 छात्राओं को डसा, 3 की मौत

**मुंबई, (ईएमएस)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक निजी अनुदानित आवासीय आश्रम स्कूल के हॉस्टल में जहरीले सांप के डसने से तीन छात्राओं की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह दर्दनाक हादसा धनौरा तालुका के जपतलाई गांव स्थित कुम्परलिंगो कल्चरल एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी द्वारा संचालित आवासीय आश्रम स्कूल में रात करीब ढाई बजे हुआ।




रुस के व्लेडिवोस्टोक में लोग पैडल बोट कार्निवाल में भाग लेते हुए लोग। इसमें भाग लेने वाले लोग जैली फिश, पायरेटस, मरमेड व कई अन्य प्रकार के वेश धरे हुए दिखे। -फोटो-ईएमएस

## 'अमित शाह जवाब दो' नारे लगा विपक्ष ने किया संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन

### प्रियंका बोलीं- जवाब मिलने तक जारी रहेगा गतिरोध



**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** संसद के मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन सोमवार को विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई विपक्षी सांसद हाथों में 'अमित शाह जवाब दो' का बैनर लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए और गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों का कहना है कि 20 जुलाई को छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को संसद में बयान देना चाहिए। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांग रहा है और इसे लेकर सदन में भी लगातार विरोध कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों ने सरकार पर छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस बल के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की।

विपक्ष का कहना है कि इस घटना से जुड़े सवालों का जवाब संसद के भीतर सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने स्पष्ट किया कि विपक्ष इस मुद्दे पर पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक गृह मंत्री संसद में इस मामले पर बयान नहीं देते, तब तक सदन में गतिरोध जारी रहेगा।

500 से ज्यादा रैलियां, विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम से हालात बिगड़े

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत के चलते पाक में 4 लाख वाहन खड़े



**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शुक्रवार से शुरू हुआ प्रदर्शन शनिवार को ट्रांसपोर्टरों की देशव्यापी हड़ताल में बदल गया, जो रविवार को भी जारी रही। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने चेतावनी दी है कि 12 अगस्त की सुबह से ट्रकों, बसों और अंतर-शहरी परिवहन सेवाओं को पूरी तरह रोक दिया जाएगा। इससे देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और आवाजाही पर असर पड़ने की आशंका है।

पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत करीब 335 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है। ईंधन की बढ़ती कीमतों के खिलाफ दो दिनों में देशभर में 500 से ज्यादा रैलियां, विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम किए जाने का दावा किया गया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से लोगों में सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है। ऑल पाकिस्तान पब्लिक ट्रांसपोर्ट ओनर्स फेडरेशन और गुड्स ट्रांसपोर्टर्स ने संयुक्त रूप से हड़ताल का ऐलान किया है। ट्रांसपोर्टरों का विरोध पेट्रोल और डीजल पर लगाए गए 70 से 80 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर तक के पेट्रोलियम लेवी के अलावा टोल शुल्क को लेकर भी है। उनका कहना है कि बढ़ते टैक्स और परिचालन खर्च के कारण परिवहन कारोबार करना मुश्किल हो गया है।

### मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रभावित

पाकिस्तान गुड्स ट्रांसपोर्टर्स अलायंस के अध्यक्ष निसार हुसैन जाफरी के मुताबिक, ट्रांसपोर्टरों की कई मांगें हैं। इनमें सरकार की ओर से लागू किया गया रोजाना ईंधन मूल्य निर्धारण सिस्टम भी शामिल है। यूनियन का कहना है कि सोमवार को सरकार के साथ बातचीत के बाद हड़ताल आगे जारी रखने या खत्म करने पर फैसला किया जाएगा। हड़ताल के चलते करीब चार लाख मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। माल ट्रांसपोर्टरों और तेल टैंकर ऑपरेटरों की हड़ताल लंबी खिंचती है तो पेट्रोलियम उत्पादों के साथ जरूरी सामान की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

## एक नजर

### तेज रफ्तार डाला ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर तेज रफ्तार अशोक लीलैण्ड डाला ने मोटरसाइकिल सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जबकि डाला चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।बिजनौर के नटकुर गांव निवासी फूलचंद के मुताबिक उनका बेटा राम सजीवन रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से आउटर रिंग रोड (किसान पथ) के रास्ते मोहनलालगंज की ओर जा रहा था। तभी तहसील ओवरब्रिज के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अशोक लीलैण्ड डाला ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राम सजीवन और उसकी पत्नी मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े और दोनों काफी चोटिल हो गई। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जबकि डाला चालक को हिरासत में ले लिया। इस मामले में घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर हिरासत में लिए गए डाला चालक से पूछताछ कर रही है।

### घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को घर के बाहर खड़ी सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस मामले में बाइक मालिक सरोजनीनगर में बीमा अस्पताल के पीछे, शक्तिपुरम निवासी दुर्गा प्रसाद सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित दुर्गा प्रसाद सिंह के मुताबिक रोज की तरह उनकी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक (यूपी32जेआर 9313) बीती 8 अगस्त की रात घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी रात करीब 2:27 बजे अज्ञात चोर उसे चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि बाइक पर उच्च न्यायालय, लखनऊ का गेट पास भी लगा हुआ था।उनका कहना है कि चोरी की पूरी घटना घर के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी होते ही पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी।फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पशुधन प्रसार अधिकारी के 1251 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन नौ सितंबर से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग पशुधन प्रसार अधिकारी के 1251 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। इसके लिए 9 से 29 सितंबर तक आवेदन लिए जाएंगे। इसमें किसी भी तरह का संशोधन 6 अक्तूबर तक किया जा सकेगा। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन आयोग की वेबसाइट https://upsssc.gov.in पर ही स्वीकार होंगे। गलत सवाल पर निगेटिव मार्किंग होगी। आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत की मंजूरी के बाद सोमवार को भर्ती संबंधी विज्ञप्ति जारी की गई। भर्ती के लिए प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी-2025) वाले पात्र होंगे। मुख्य परीक्षा के लिए पीईटी स्कोर के आधार पर अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 25 रुपये है। मुख्य परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से पहले परीक्षा शुल्क देना होगा। पशुधन प्रसार अधिकारी सामान्य चयन के लिए 1248 और विशेष चयन के तीन पद हैं। सामान्य चयन में अनारक्षित वर्ग के 500, अनुसूचित जाति 254, अनुसूचित जनजाति 25, अन्य पिछड़ा वर्ग 345, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 124 पद हैं। विशेष चयन में अन्य पिछड़ा वर्ग के तीन पद हैं। भर्ती के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की जीव बायोलॉजी के साथ इंटरमीडियट या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इस स्तर की परीक्षा पास करने वाले पात्र होंगे। इसके साथ विधि द्वारा स्थापित किसी पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय से दो वर्षीय प्रसार डिप्लोमा पाठ्यक्रम होना चाहिए।

# पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, तीन बदमाश घायल

## ● चौथा साथी गिरफ्तार, घायल तीनों बदमाश निकले सगे भाई

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के अलीगढ़ जिले के गभाना थाना क्षेत्र में सोमना नहर के पास सोमवार तड़के पुलिस और कार सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि उनके चौथे साथी को सुरक्षित गिरफ्तार कर लिया गया। घायल तीनों आरोपी सगे भाई हैं।

मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से चली गोली गभाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार को भी लगी, लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण उनकी जान बच गई। घटना के बाद घायल आरोपियों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर

● इंस्पेक्टर को भी लगी गोली बुलेटप्रूफ जैकेट के चलते बची जान

इलाज के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

एसपी सिटी आदित्य बंसल के मुताबिक, 9 अगस्त को गभाना थाना पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग नगर की संयुक्त टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टीम ने सफेद रंग की एक कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार सवार आरोपियों ने वाहन तेज गति से भगाया और बैरियर में टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार, इसके बाद आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपियों की पहचान अजमत, करूआ उर्फ नौशाद और दिलशाद के रूप में हुई है। तीनों सगे भाई हैं, जबकि चौथे आरोपी दानिश को सुरक्षित गिरफ्तार किया गया।

एसपी सिटी ने बताया कि अजमत, दिलशाद और करूआ थाना लोधा के हिस्ट्रीशीटर हैं। दिलशाद की हिस्ट्रीशीट संख्या 24ए, अजमत की 15ए और करूआ उर्फ नौशाद की 25ए है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, दिलशाद के खिलाफ 25 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, लूट, चोरी, हत्या के प्रयास, आयुध अधिनियम और गोवध निवारण अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं।

अजमत और करूआ उर्फ नौशाद के खिलाफ आठ-आठ मुकदमे दर्ज हैं।अजमत थाना टप्पल क्षेत्र में हुई पिछली पुलिस मुठभेड़ से जुड़े मुकदमे में भी वांछित चल रहा था।एसपी सिटी के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान गभाना इंस्पेक्टर मनोज कुमार भी बदमाशों की फायरिंग की चपेट में आ गए।

हालांकि, बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण उनकी जान बच गई।पुलिस ने चारों आरोपियों के कब्जे से .315 बोर के चार तमंचे, 10 जिंदा कारतूस और पांच खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा एक गंडासा, एक छुरा और कार भी बरामद हुई है।

# चिनहट में गोदाम की दीवार अचानक गिरी

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** चिनहट में महात्मा गांधी अस्पताल के पास सोमवार दोपहर एक गोदाम की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार की चपेट में आने से वहां बाल-दाढ़ी बनवा रहे एक व्यक्ति और नाई घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में मौके पर खड़ी एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस के मुताबिक, घटना सोमवार दोपहर की है। महात्मा गांधी अस्पताल के पास आरएस ट्रेडर्स नाम से जूट के बोरों का गोदाम है। गोदाम के सामने खाली जगह में तकरोही निवासी जुबेर (42) कुर्सी-मेज लगाकर बाल काटने का काम करता है। सोमवार को बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी भगवान दीन

● नाई समेत दो घायल, जर्जर दीवार भरभरा कर गिरी

(55) जुबेर के पास बाल और दाढ़ी कटवाने पहुंचे थे। दोनों के बाल-दाढ़ी कटवाने के दौरान ही अचानक गोदाम की दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे की चपेट में आने से जुबेर और भगवान दीन दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के दौरान वहां खड़ी यूपी-54 एबी-2010 नंबर की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

### तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक

**लखनऊ।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा लखनऊ महानगर के विभिन्न मंडलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। यात्राओं में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक, छात्र शामिल हुए।

## मेटा के अलर्ट पर 7 मिनट में पहुंची पुलिस नहर किनारे बैठे युवक की बचाई जान

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** सोशल मीडिया पर किया गया एक वीडियो उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए जान बचाने का अलर्ट बन गया। जनपद बाराबंकी के थाना मसौली पुलिस ने मात्र 7 मिनट में नहर किनारे बैठे एक 20 वर्षीय युवक तक पहुंचकर उसे आत्महत्या करने से बचा लिया।

यह पूरी कार्रवाई मेटा कंपनी के सुसाइडल अलर्ट सिस्टम और पुलिस मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर संभव हो पाई। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त 2026 की शाम 6:23 बजे थाना मसौली क्षेत्र के एक 20 वर्षीय युवक ने नहर के किनारे बैठकर मैं सुसाइड करने जा रहा हूं" कहते हुए इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। पारिवारिक विवाद के चलते युवक मानसिक तनाव और अवसाद में था। वीडियो पोस्ट होते ही मेटा कंपनी ने तत्काल ई-मेल के जरिए डीजीपी मुख्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को अलर्ट भेजा।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर सेंटर ने मोबाइल नंबर के आधार पर युवक की लोकेशन ट्रेस की और तुरंत बाराबंकी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना मसौली के उपनिरीक्षक राशिद, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र यादव और आरक्षी दीप सिंह की टीम मौके के लिए रवाना हुई। मुख्यालय से मिली लोकेशन पर टीम सिर्फ 7 मिनट में नहर किनारे पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि युवक नहर किनारे बैठकर रो रहा था और अवसाद में था। पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए उसे सुरक्षित स्थान पर लाया, समझाया और उसके घर पहुंचाया। परिजनों को घटना की जानकारी देकर युवक की काउंसलिंग भी की गई। युवक ने पुलिस को बताया कि घर में विवाद के कारण वह तनाव में था। पुलिस की काउंसलिंग के बाद उसने दोबारा ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया। परिजनों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। उत्तर प्रदेश पुलिस और मेटा के बीच 2022 से यह व्यवस्था चल रही है। फेसबुक या इंस्टाग्राम पर कोई आत्महत्या संबंधी पोस्ट करता है तो मेटा तुरंत पुलिस को अलर्ट भेजता है।

### बात कर रहे युवक पर कुछ लोगों ने किया हमला

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पुरानी चुंगी के पास बातचीत कर रहे युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया।इस मामले में कृष्णा नगर के अंबेडकर नगर, आसाराम बापू रोड निवासी रजत आनंद ने यहीं कि भोलू, राजेश और 3 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजत आनंद पुत्र आनंद किशोर के मुताबिक वह रविवार को सरोजनीनगर में पुरानी चुंगी के पास अपने क्लाइंट से बातचीत कर रहा था। रजत आनंद का कहना है कि क्लाइंट के जाने के बाद भोलू, राजेश व तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उसकी स्कूटी की चाबी निकाल ली। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने लात-घूंसों से पिटाई करने के साथ सिर पर ईंट मारकर उसे घायल कर दिया। हमले में रजत बेहोश होकर गिर गया। तब वहां मौजूद अंडे वाले के ग्राहक ने उसके चेहरे पर पानी डालकर उसे होश में लाया। पीड़ित का कहना है कि इस घटना में उसके सिर में तीन-चार जगह चोट लगी और बाद में आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सूटकेस में पत्नी की लाश रखकर फरार पति वाराणसी से गिरफ्तार

## प्रेम विवाह के बाद ससुराल न ले जाने पर हुआ था विवाद

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में करीब 2 महीने पहले पत्नी की हत्या कर शव सूटकेस में बंद कर फरार हुए पति को यूपी एसटीएफ और सिलवासा पुलिस ने वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले 2 महीने से वाराणसी में मजदूरी कर छिपा हुआ था।

एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार ऋषभ कुमार सिंह पुत्र पिंकू सिंह निवासी सिउर, थाना रोह, जनपद नवादा बिहार है।

बीती 03 अगस्त 2026 को सिलवासा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोकर खड़ा में मकान मालिक जोगेंद्र पटेल ने किराये का कमरा खोला तो अंदर सूटकेस से दुर्गंध आ रही थी। खोलने पर उसमें छोटी उपाध्याय की करीब 2 महीने पुरानी लाश मिली।

जांच में पता चला कि छोटी की शादी बिहार के नवादा निवासी ऋषभ कुमार सिंह से प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद ऋषभ उसे ससुराल ले जाने से इनकार कर रहा था, जबकि छोटी बार-बार दबाव बना रही थी। इसी विवाद के चलते 09 जून 2026 की शाम ऋषभ ने अमानवीय तरीके से पत्नी की हत्या कर दी। लाश को प्लास्टिक में लपेटकर सूटकेस में बंद कर वह मकान में ही छोड़कर फरार हो गया।इसको लेकर सिलवासा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

हत्या के बाद से ऋषभ फरार चल रहा था। सूचना मिली कि वह वाराणसी में छिपा है।एसटीएफ की फील्ड इकाई वाराणसी और सिलवासा पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से अभिसूचना जुटाई। मुखबिर की सूचना पर चांदपुर, मंडुवाडीह स्थित शुभकामना रियल टेक, एलएलपीओ इंडस्ट्रियल स्टेट पर छापा मारकर आरोपी ऋषभ को गिरफ्तार कर



● एसटीएफ और सिलवासा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दो महीने से छिप रहा था आरोपी

लिया गया।पूछताछ में ऋषभ ने हत्या की बात कबूल की। उसने बताया कि पत्नी को ससुराल न ले जाने को लेकर अक्सर झगड़ा होता था।

पुलिस ने आरोपी को वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड लिया है। अब आगे की विधिक कार्रवाई सिलवासा पुलिस करेगी।

## शराब के पैसे को लेकर विवाद, नाराज युवक 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा



**काकोरी।** कोतवाली काकोरी क्षेत्र में रविवार शाम शराब के पैसे न मिलने पर एक युवक ने हंगामा कर दिया। रविवार को समय करीब रात 11:30 बजे शिवबरन पुत्र शिवराज यादव निवासी ग्राम अजीतन खेड़ा थाना काकोरी उम्र करीब 50 वर्ष के हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ने की सूचना ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा बिजली विभाग से संपर्क किया गया तथा फायर सर्विस एवं एस डी आर एफ टीम को सूचित किया गया जो मौके पर आकर टावर पर चढ़े व्यक्ति को उतारने का काफी प्रयास किया गया उसके पश्चात दो व्यक्तियों द्वारा ऊपर चढ़कर उसको नीचे लाया गया टावर पर चढ़ने वाले शिव बरन द्वारा बताया गया के उसकी पत्नी उसे शराब के लिए पैसे नहीं देती है तथा गांव के ही किसी व्यक्ति पर 400000 लाख बकाया होने की बात कही जिसको उसकी पत्नी द्वारा गलत बताया गया टावर चढ़ने वाले व्यक्ति को एंबुलेंस के द्वारा सीएससी बेहटा भेजा गया वहां से वह अपने परिजनों के साथ अपने गांव अजीत सिंह खेड़ा चला गया।

# बाइक सवार नहर में गिरा, मौत

## बेटी को स्कूल से लेकर लौट रहा था, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** मानकनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई। वह अपनी छोटी बेटी को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। डीआरएम कार्यालय के पास नहर की पुलिया के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में बच्ची सुरक्षित बाहर रह गई, जबकि युवक पानी में गिरकर बह गया।

कृष्णनगर खुशी विहार निवासी रवि ओम कुशवाहा (41) एलआईसी एजेंट थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रवि बाइक मोड़ रहे थे। तभी सामने से अचानक एक बड़ा वाहन आ गया। इससे वे घबरा गए और संतुलन बिगड़ गया। बताया जा रहा है कि ब्रेक के साथ एक्सीलेटर भी दब गया, जिससे बाइक तेजी से आगे बढ़ी और पुलिया के पास टूटे हुए पत्थर वाले हिस्से से नहर में जा गिरी। बच्ची बाहर रह गई, जबकि रवि ओम पानी में गिर गए और हाथ-पैर मारते हुए बहने लगे।

घटना करीब ग्यारह बजे की बताई जा रही है। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल




112 पर सूचना दी। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर उपलब्ध न होने की बात कही और घटनास्थल अपने क्षेत्र का नहीं बताया। इससे मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया। बाद में मानकनगर थाने की पुलिस के साथ आलमबाग थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और एनडीआरएफ को सूचना दी गई। करीब एक बजे एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नहर में तलाश शुरू की।

एनडीआरएफ की टीम ने तलाश के दौरान रवि ओम का शव कुछ ही दूरी पर नहर से बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी मानकनगर अजीत कुमार का कहना है कि सूचना पर पुलिस समय से पहुंच गई थी। तत्काल एसडीआरएफ को बुलाया गया। उसके बाद रेस्क्यू करके 20 मीटर दूर पर शव बरामद कर लिया गया। नहर में कैसे गिरे, इसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार में पत्नी सुनीता कुशवाहा हैं। दो बच्चे हैं, जिनमें एक लड़की वंशिका है, जिसे अवध कॉलेजिएट से लेने गए थे। वहीं से लौटते समय हादसा हुआ है। बच्ची को मामूली चोट लगी है।

# सत्रह से प्रदेश भर में होगा अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण

भारतमत संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की प्रक्रिया में आगे बढ़ चुके अभ्यर्थियों के लिए अहम अपडेट सामने आया है। लिखित परीक्षा में अर्ह पाए गए उम्मीदवारों के अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण यानी डीवी /पीएसटी की प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 से शुरू होने जा रही है।

यह प्रक्रिया प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अनुसार, डीवी /पीएसटी में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र और आवेदन पत्र ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। उम्मीदवार निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

एडमिट कार्ड में दर्ज परीक्षा केंद्र, तिथि और अन्य जरूरी निर्देशों को ध्यान से पढ़ना होगा।अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र और आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जा सकते हैं। वेबसाइट पर दिए गए संबंधित लिंक के जरिए उम्मीदवार अपनी जानकारी दर्ज कर एडमिट कार्ड और आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

● आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की प्रक्रिया में सामने आया अहम अपडेट

डीवी /पीएसटी के लिए जारी प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करना जरूरी होगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और स्थान पर समय से पहुंचने की सलाह दी गई है। भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवारों को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूचनाओं को ही अंतिम मानना चाहिए।आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत लिखित परीक्षा में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों की अब अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण की प्रक्रिया होगी। यह प्रक्रिया 17 अगस्त 2026 से प्रदेश के सभी जनपदों में शुरू होगी।

अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित विस्तृत सूचना के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध नोटिस देख सकते हैं। एडमिट कार्ड और आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए बोर्ड की ओर से उपलब्ध कराए गए लिंक का इस्तेमाल किया जा सकता है।

उम्मीदवार एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के बाद उसमें दर्ज सभी विवरणों को ध्यान से जांच लें। साथ ही डीवी /पीएसटी के दिनव निर्धारित केंद्र पर जरूरी दस्तावेजों के साथ समय से पहुंचें।

# कच्चे रास्ते पर स्कूली वैन पलटी, दो बच्चे बाल-बाल बचे

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाया, बरसात का पानी भरने से फिसलन से हुआ हादसा

भारतमत संवाददाता

**नगराम-लखनऊ।** नगराम के समेसी से मोहनलालगंज जाने वाले कुबहरा मार्ग पर करीब 500 मीटर अंदर कच्चे रास्ते पर सोमवार को बारिश होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया और गीला और फिसलन भरा होने के कारण एक स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय वैन में दो मासूम स्कूली बच्चे सवार थे।

गनीमत रही कि वैन पलटने के बावजूद दोनों बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे और उन्हें किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया और पलटी वैन को रास्ते से हटवाने की कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार, कमालपुर बिचलिका निवासी जसकरन अपनी निजी वैन से रोजाना की तरह श्री एम एल बाल विद्या मंदिर, कमालपुर बिचलिका में पढ़ने वाले बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रहे थे। सोमवार को वह तमोरिया निवासी अजीत सिंह के दो



बच्चे ईशी सिंह (5) और रुद्र प्रताप सिंह (10) को स्कूल से लेकर उनके घर जा रहे थे।बताया गया कि कमालपुर बिचलिका-कुबहरा मार्ग से करीब 500 मीटर अंदर पहुंचने के बाद बड़े-बड़े गड्ढों वाला कच्चा रास्ता होने के साथ ही बारिश के कारण फिसलन भरा था। इसी दौरान वैन का पहिया गीली मिट्टी में फिसल गया। चालक जब तक वाहन को संभाल पाता, वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। अचानक हुए हादसे से बच्चों में अफरा-तफरी मच गई।हादसे की जानकारी मिलने पर काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए सूचना पर नगरम थाने से उपनिरीक्षक चंद्रशेखर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने बच्चों को वैन से सुरक्षित बाहर निकलवाया। दोनों बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी थी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में दोनों बच्चों को सकुशल उनके घर पहुंचा दिया गया।वहीं, पुलिस की मौजूदगी में पलटी स्कूल वैन को भी रास्ते से हटवाने की कार्रवाई की गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने कच्चे मार्ग की स्थिति को लेकर चिंता जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरने के वा गीली मिट्टी और फिसलन के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है और छोटे-बड़े वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने की लगाई गुहार

भारतमत संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के रायबरेली रोड स्थित एक दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने कथित तौर पर लाखों रुपये की नकदी पार कर दी। पीड़ित दुकानदार ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम फत्तेखेड़ा मजरा कनकहा निवासी राम प्रताप पुत्र राम किशुन रायबरेली रोड पर दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पीड़ित के मुताबिक 8 अगस्त 2026 को रात करीब 10:30 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 3:36 बजे गांव के लोगों से सूचना मिली कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है।

सूचना मिलते ही पीड़ित मौके पर पहुंचे और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस व चौकी पुलिस के साथ



दुकान की जांच की गई। पीड़ित का आरोप है कि दुकान में रखे एक बड़े मिट्टी के गुल्लक में करीब दो-तीन वर्षों से जमा किए जा रहे 200 और 500 रुपये के नोट, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2 से 3 लाख रुपये बताई गई है, चोर उठा ले गए।

पीड़ित ने बताया कि घटना की जानकारी 9 अगस्त को कनकहा चौकी पुलिस को भी दी गई थी, साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस द्वारा देखी जा रही है। हालांकि, पीड़ित का कहना है कि अभी तक उसे पुलिस कार्रवाई से संतुष्टि नहीं मिली है।

पीड़ित राम प्रताप ने थाना प्रभारी से मामले को संज्ञान में लेकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की पहचान एवं गिरफ्तारी तथा चोरी की रकम बरामद करने की मांग की है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# खतरनाक स्टंट करने की हिम्मत देते हैं रोहित शेट्टी





स्टंट आधारित शो 'खतरों के खिलाड़ी' में कंटेस्टेंट्स को शारीरिक ताकत के साथ-साथ मानसिक मजबूती भी दिखानी पड़ती है। ऐसे में होस्ट की भूमिका काफी अहम हो जाती है, क्योंकि उनका हौसला बढ़ाना कई बार कंटेस्टेंट्स को अपने डर पर जीत हासिल करने में मदद करता है। इस कड़ी में अभिनेत्री फरहाना भट्ट ने शो के होस्ट और फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रोहित खिलाड़ियों में ऐसा आत्मविश्वास भर देते हैं कि वे उन स्टंट को भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं, जिनसे वे शुरुआत में डर रहे होते हैं। 'बिग बॉस 19' में नजर आ चुकीं फरहाना भट्ट ने खास बातचीत में रोहित शेट्टी के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, ''रोहित एक शानदार होस्ट हैं और उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह कंटेस्टेंट्स को लगातार प्रेरित करते रहते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कोई स्टंट देखकर आपको डर लगने लगता है और आपको लगता है कि शायद आप उसे नहीं कर पाएंगे। लेकिन अगर उसी समय रोहित शेट्टी आपके पास खड़े हों और आपका साथ दे रहे हों, तो आपको अलग ही हिम्मत मिलती है।''

उन्होंने आगे कहा, ''रोहित के सपोर्ट के साथ कोई भी कंटेस्टेंट मौत के कुएं जैसे डरावने स्टंट में भी उतरने का साहस जुटा सकता है।'' शो को लेकर फरहाना ने कहा, ''इस शो में जीतने के लिए सिर्फ ताकत नहीं, बल्कि पूरी ईमानदारी और सौ फीसदी समर्पण की जरूरत होती है।'' फरहाना ने कहा, ''मेरा मानना है कि इस शो में वही आगे बढ़ सकता है, जो हर स्टंट में अपना सौ फीसदी देता है। जब आप बिना डरे पूरी मेहनत के साथ चुनौती का सामना करते हैं, तभी आपका असली प्रदर्शन सामने आता है। दर्शक भी उसी कंटेस्टेंट को पसंद करते हैं, जो हर टास्क में पूरी लगन और हिम्मत दिखाता है। आखिर में दर्शक ही तय करते हैं कि कौन इस शो का असली विजेता बनने के योग्य है।''

हाल ही में अभिनेता गौरव खन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें स्टंट के दौरान लगी चोटों के निशान दिखाई दे रहे थे। उन्होंने बताया था कि एक टास्क को पूरा करने के दौरान उनकी पीठ पर लेजर से जलने के निशान आ गए थे। 'खतरों के खिलाड़ी 15' का टेलीकास्ट कलर्स टीवी पर होता है।



## बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं इमरान

**अभिनेता इमरान खान ने काफी वक्त से स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। मगर अब वह बतौर लीड एक्टर दमदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' से जुड़ी जानकारी साझा की।**

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इमरान खान ने अपनी अगली फिल्म के बारे में काफी कुछ बताया। हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इमरान ने कहा, 'मेरी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। यह फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन में है और इस साल के अंत तक इसके रिलीज होने की उम्मीद है। यह एक एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो मेरे जीवन के मौजूदा हालात दर्शाती है।' इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'कट्टी बट्टी' में बतौर लीड हीरो नजर आए थे। अब वे सीधे फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' में लीड रोल प्ले करेंगे। फिल्म के बारे में आगे एक्टर ने कहा, 'मैंने अभी-अभी एक बेहद प्रतिभाशाली युवा अभिनेत्री, गुरफतेह पीरजादा के साथ काम किया है। दरअसल, यह वो फिल्म है जिसे मुझे 10 साल बाद बनाना ही था।' बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है।

### इमरान खान का वर्कफ्रंट

इमरान खान ने 2008 में रिलीज हुई 'जाने तू या जाने ना' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स आफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी। इसके बाद इमरान ने 'लक', 'आई हेट लव स्टोरीज', 'देल्ही बेली' और 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' जैसी कई हिट फिल्में दी थीं। इस साल जनवरी में इमरान ने अपने मामा आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'हैप्पी पटेल खतरनाक जासूस' में कैमियो किया था।

## शुरू हुई टाइगर श्रॉफ की नई फिल्म की शूटिंग, डेब्यू को तैयार एल्विश यादव; अहम किरदार में होंगी नुसरत और पश्मीना



निर्देशक रेमो डिसूजा एक नई फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें लीड एक्टर के तौर पर टाइगर श्रॉफ होंगे। उनके साथ इस फिल्म में नुसरत भरूचा फीमेल लीड रोल में होंगी। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरूचा के बीच पहला ऑन-स्क्रीन कोलैबोरेशन है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

### अहम रोल में होंगे पश्मीना और एल्विश





इस फिल्म से एल्विश यादव बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। खबर यह भी है कि ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन भी इस फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म में पश्मीना रोशन, अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी अहम भूमिकाओं में होंगे। यह फिल्म आगाज एंटरटेनमेंट, वीजे फ्रेम फिल्म्स और इंसोम्निया फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है। यह प्रोजेक्ट प्रोड्यूसर विक्की जैन के लिए भी एक बड़ा माइलस्टोन है, जो अपने नए लॉन्च किए गए बैनर, वीजे फ्रेम्स के तहत प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू कर रहे हैं।

### प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगे विक्की

बिग बॉस में अपने काम और एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति के तौर पर टीवी दर्शकों के बीच पहचाने जाने वाले विक्की ने हाल ही में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने की घोषणा की। यह फिल्म वीजे फ्रेम्स का पहला प्रोजेक्ट होगी।

### टाइगर श्रॉफ का वर्कफ्रंट

काम की बात करें तो, टाइगर श्रॉफ को आखिरी बार 'बागी 4' में देखा गया था, जो उनकी हिट एक्शन फ्रेंचाईजी का लेटेस्ट चैप्टर है। ए. हर्षा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अहम भूमिकाओं में थे।

### नुसरत भरूचा का वर्कफ्रंट

वहीं, नुसरत भरूचा को आखिरी बार कॉमेडी थ्रिलर 'उफ ये सियापा' में सोहम शाह के साथ देखा गया था।



## ललकारा से हटे फरहान अख्तर? अब सिद्धांत गुप्ता निभाएंगे अहम रोल



**बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और आशुतोष गोवारिकर ने अपनी अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की कास्टिंग में बड़ा बदलाव किया है। फरहान अख्तर के इस प्रोजेक्ट से हटने के बाद अब एक्टर सिद्धांत गुप्ता इसमें शामिल हो गए हैं।**

### प्रोजेक्ट से क्यों हटे फरहान?

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान अख्तर ने फिल्म से इसलिए किनारा कर लिया क्योंकि इसकी शूटिंग का शेड्यूल संगीतकार आर.डी. बर्मन पर बन रही बायोपिक की शूटिंग से टकरा रहा था।

### फरहान की जगह लेंगे सिद्धांत

अब 'ललकारा' में फरहान अख्तर की जगह सिद्धांत गुप्ता अदाकारी करेंगे। सिद्धांत को सीरीज 'जुबली' और 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में एक्टिंग के लिए काफी तारीफ मिली है। उम्मीद है कि हाल के वर्षों की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म में एक्टर, आमिर खान के साथ एक अहम किरदार निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धांत फिल्म में मुख्य किरदारों में से एक (पैरेलल लीड) निभाएंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर हालिया सफलता के बाद उनके करियर में यह एक और बड़ा पड़ाव होगा। खबर है कि एक्टर ने रोल के लिए तैयारी शुरू कर दी है, हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।



### किस पर आधारित है फिल्म

'ललकारा' क्रिकेटर लाला अमरनाथ की जिंदगी पर आधारित है, जो देश के लिए टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर थे। आमिर खान फिल्म में इस मशहूर खिलाड़ी का रोल निभाएंगे। फिल्म में आजादी से पहले और बाद के भारत की पृष्ठभूमि में मैदान के अंदर और बाहर उनके सफर को दिखाया जाएगा।

## ऑपरेशन सफेद सागर देश के जवानों की बहादुरी की सच्ची कहानी है, ये युवा पीढ़ी तक पहुंचना बहुत जरूरी



कभी असल जिंदगी में सेना में जाने का ख्वाब देखने वाले ऐक्टर जिमी शेरगिल अपनी नई सीरीज ऑपरेशन सफेद सागर में कारगिल युद्ध के हीरो विंग कमांडर बीएस धनोवा की भूमिका निभा रहे हैं। जिमी का मानना है कि देश के जवानों की बहादुरी की ये कहानियां युवा पीढ़ी तक पहुंचना बहुत जरूरी है, ताकि उन्हें अपने देश और जवानों पर गर्व हो और वो सैन्य सेवाओं को अपने करियर के तौर पर चुनें। यहां तक कि अगर उनका खुद का बेटा वीर भी अगर सेना में जाना चाहे तो उन्हें खुशी ही होगी। बकौल जिमी शेरगिल, 'ऑपरेशन सफेद सागर देश के जवानों की बहादुरी की सच्ची कहानी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़नी बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो एक वक्त पर जाकर ये बहादुरी खत्म हो जाएगी। जिस तरह की बहादुरी हमारे जवान, वो चाहे एयरफोर्स हो, मिलिट्री हो, नेवी हो, दिखाते हैं, उनके किस्से युवा पीढ़ी तक पहुंचना बहुत जरूरी है।' ऑपरेशन सफेद सागर देश के जवानों की बहादुरी की सच्ची कहानी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़नी बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो एक वक्त पर जाकर ये बहादुरी खत्म हो जाएगी। जिस तरह की बहादुरी हमारे जवान, वो चाहे एयरफोर्स हो, मिलिट्री हो, नेवी हो, दिखाते हैं, उनके किस्से युवा पीढ़ी तक पहुंचना बहुत जरूरी है।

### 90 पर्सेंट मार्क्स लाकर भी उस कट ऑफ के पार नहीं

जिमी आगे बताते हैं, 'जब हम स्कूल में थे, तब 99.9 पर्सेंट स्टूडेंट सेना में जाने की कोशिश करते थे। चूंकि उसमें कट ऑफ बहुत ज्यादा होता था तो मेरे जैसे लोग 90 पर्सेंट मार्क्स लाकर भी उस कट ऑफ को पार नहीं कर पाते थे। इसलिए, मेरा तो सपना ही रह गया लेकिन अगर किसी में वो जुनून, वो जज्बा है, वो क्षमता है, आप हर तरीके से फिट हैं तो आपको पहली चॉइस निश्चित तौर पर आर्म्ड फोर्सेस रखनी चाहिए क्योंकि जो जिंदगी वहां पर है, वो और कहीं नहीं है। मैं 2001 से एयर बेस पर जाकर शूट कर रहा हूं, आर्मी एरिया में जा रहा हूं। वो इतनी कमाल की जगह है। जो सुकून, अनुशासन वहां देखने को मिलता है, वो कहीं नहीं है। वो एक अलग ही दुनिया है।'

### हमें आपस में लड़ना बंद करना चाहिए

वहीं, विंग कमांडर बीएस धनोवा की भूमिका निभाने को लेकर जिमी ने कहा, 'रियल लाइफ हीरो असल में बड़े आम और सिंपल लोग होते हैं। वे जमीन से जुड़े हुए बेहद विनम्र लोग होते हैं, मगर वो जो काम करते हैं वो हीरोइक होता है। इसलिए, हमने भी शो में सिंपलिसिटी, विनम्रता आदि तो मेंटेन करने की पूरी कोशिश की है। हमारी कोशिश रही है कि हम कहीं भी फैले हुए न लगे।' वहीं, क्या जिमी देश के लिए खुद कुछ करने की चाह रखते हैं? इस सवाल पर उनका कहना था, 'मैं तो सिर्फ इतना कहूंगा कि हमें आपस में लड़ना बंद करना चाहिए। हम लोग आपस में टूटते जा रहे हैं। हमें टूटना नहीं चाहिए, क्योंकि तब बाहर की ताकतें आकर ऐसी चीजों का फायदा उठाती हैं। इसलिए, हम आपस में एकजुट होकर रहें, वही हमारी सबसे बड़ी जीत होगी।'

### बेटा जो करना चाहे, मैं साथ दूंगा

जिमी ने कहा कि युवा पीढ़ी को सैन्य सेवाओं को करियर चॉइस में सबसे ऊपर रखना चाहिए, तो क्या वे अपने बेटे वीर को भी यही सलाह देंगे? इस पर उन्होंने कहा, 'वीर अगर क्वॉलिफाई कर सकता है तो बिल्कुल। मैं उसे कभी नहीं रोकूंगा। मैंने हमेशा कहा है कि मेरे बच्चे को जो भी करना है, मैं उसे कभी नहीं रोकूंगा। उनको अगर स्पोर्ट्स में जाना है तो उसमें जाए। ऐसे ही, अगर वो आर्म्ड फोर्सेस में पहुंच सकते हैं, उनमें वो क्षमता है, बुद्धिमत्ता है तो जरूर जाए।'



अधिकारियों ने जिलेभर के विद्यालयों में किया औचक निरीक्षण

# शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने कलेक्टर अर्पित वर्मा का सख्त रुख

### अनुपस्थित शिक्षकों और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई





भारमतमत रिपोर्टर/ शिवपुरी

जिले के शासकीय विद्यालयों में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों के औचक निरीक्षण के सख्त निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित बैठक में जारी निर्देशों के परिपालन में संयुक्त कलेक्टर अनुराग निंगवाल सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने जिलेभर के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने उपस्थिति पंजी की जांच, कक्षाओं में अध्यापन स्तर का आकलन, विद्यार्थियों से संवाद, भवन एवं चालू शौचालयों की स्वच्छता तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष जायजा लिया। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों, पठन-पाठन में शिथिलता और योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जल्द बनेगा पोहरी में सात करोड़ से अधिक लागत का बड़ा पुल: कुशवाह

### विधायक कैलाश कुशवाह के प्रयासों से गुरावल में डेल्टा नदी पर पुल मंजूर

भारमतमत रिपोर्टर/ शिवपुरी



जिले की पोहरी विधानसभा क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग और मेरी निरंतर कोशिशों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। यह बताते हुए पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने कहा है कि मुझे हर्ष हो रहा है कि ग्राम पंचायत गुरावल में आदिवासी बस्ती के पास डेल्टा नदी पर 195 मीटर लंबे पुल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण पर लगभग 7 करोड़ 12 लाख 5 हजार की राशि खर्च होगी। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण गुरावल और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का आवागमन प्रभावित होता था। पुल के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगी। जनता की मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना मेरी प्राथमिकता है। पोहरी के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।



# सोरोंजी से शिवपुरी पहुंची डाक कांवड़, अवधेश ने किया स्वागत

भारमतमत रिपोर्टर/ शिवपुरी

शिवपुरी। विगत दिवस श्री महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम दास महाराज के सानिध्य मे सोरों जी से चलकर शिवपुरी द्वितीय डाक कावड़ यात्रा पहुंची । उक्त डाक कांवड़ यात्रा शिवपुरी में एवी रोड स्थित तुलसी आश्रम बड़े हनुमान जी मंदिर पर पहुंचने पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शिवपुरी के कांग्रेस नेता और समाजसेवी अवधेश शिवहरे द्वारा डाक कांवड़ यात्रा लाने वालों का हार फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। खास बात ये है कि उक्त डाक कांवड़ यात्रा शिवपुरी में इस मंदिर पर लगातार दूसरी बार लाई गई है जिसका पिछली बार की ही तरह इस बार भी श्रद्धालुओं द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया।

सीएमओ बोले अब स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा सीधा लाभ

# पोहरी में पथ विक्रेताओं की खुलेगी किस्मत नगर परिषद पोहरी में 'स्वनिधि पखवाड़ा' शुरू

### 50 हजार तक का आसान लोन और 7% ब्याज सब्सिडी की सुविधा

भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी



शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर परिषद पोहरी द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण और व्यवसाय विस्तार के लिए 1 अगस्त से विशेष 'स्वनिधि पखवाड़ा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी यशवंत वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार, इस अभियान के तहत सूक्ष्म विक्रेताओं को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये और तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक की किश्त-मुक्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना को और अधिक लाभकारी बनाते हुए भारत सरकार द्वारा समय पर अथवा निर्धारित अवधि से पूर्व किश्तें चुकाने वाले वेंडर्स को 7 प्रतिशत की आकर्षक ब्याज सब्सिडी का लाभ भी दिया जाएगा। 18 से 55 वर्ष की आयु सीमा वाले पात्र शहरी पथ विक्रेता इस योजना का लाभ उठाने के लिए शहरी पथ विक्रेता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बचत खाता पासबुक, वोटर आईडी अथवा पैन कार्ड और आवश्यकतानुसार उद्यम एमएसएमई(स्र्स्ध) रजिस्ट्रेशन जैसे जरूरी दस्तावेजों के साथ नगर परिषद पोहरी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं; निकाय प्रशासन ने सभी स्थानीय पथ विक्रेताओं से इस पखवाड़े का अधिकतम लाभ उठाकर अपने आत्मनिर्भरता के सपने को साकार करने की अपील की है।

संगठन विस्तार के साथ नवीन पदाधिकारियों को दी गई नई जिम्मेदारियां

# ओझा समाज की तहसील स्तरीय बैठक संपन्न , बैठक में समाज की एकजुटता पर दिया विशेष जोर

भारमतमत रिपोर्टर/ कोलारस



ओझा समाज युवक मंडल के तत्वावधान में विगत दिवस अग्रवाल धर्मशाला कोलारस में तहसील स्तरीय सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुन्नालाल ओझा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, चित्र पर माल्यार्पण एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। बैठक में समाज की एकजुटता, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा संगठन की मजबूती पर गहन मंथन हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से कोलारस ब्लॉक स्तर पर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को तीन माह के लिए कार्यकारी दायित्व सौंपा गया है। नवीन नियुक्तियों में महेश ओझा को कार्यकारी अध्यक्ष, मुन्नालाल ओझा एवं रामसुखी ओझा को संरक्षक, कमलेश ओझा, अरविंद ओझा तथा शिवम ओझा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर कल्याण ओझा, धर्मेन्द्र ओझा, शिवम ओझा, संतोष ओझा, रामू ओझा, ललित ओझा, राकेश ओझा, दम्मू ओझा सहित क्षेत्र के अनेक समाज बंधु मौजूद रहे। बैठक में आरडी झा, हरगोविंद ओझा, रामगोपाल ओझा, कन्हैयालाल झा, डॉ. पहलवान ओझा, कैलाश ओझा, राज ओझा प्रदेशाध्यक्ष, नंदकिशोर ओझा प्रदेश कोषाध्यक्ष, कृष्णकांत झा प्रदेश सचिव, रविंद्र ओझा प्रदेश संगठन मंत्री, दीपू ओझा आदि संगठन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। संगठन की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सभी ने एक स्वर में समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# बैराड़ पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 80 लीटर कच्ची शराब जब्त

भारमतमत रिपोर्ट



शिवपुरी। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बैराड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 80 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी आर. डी. प्रजापति एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में बैराड़ पुलिस ने यह कार्रवाई की।थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि दिनांक 10 अगस्त 2026 को बैराड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मारोरा खालसा में पुलिया के पास एक व्यक्ति दो नीले रंग की प्लास्टिक कैनों में अवैध कच्ची शराब लेकर खड़ा है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां मुखबिर के बताए हुलिए का एक युवक दो कैनों के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू पुत्र काशीराम जाटव, उम्र 20 वर्ष, निवासी खरई जालिम, थाना बैराड़ बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दोनों कैनों में भरी करीब 80 लीटर हाथ भट्टी की बनी देशी कच्ची शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 16 हजार रुपये है, पंचों के समक्ष विधिवत जब्त की। पुलिस ने आरोपी सोनू जाटव को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 308/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुरेश शर्मा, प्रधान आरक्षक 947 इकबाल अहमद, आरक्षक 875 ज्ञानसिंह रावत त्यागी, आरक्षक 1058 राजेन्द्र प्रसाद एवं आरक्षक 658 अजय नीखरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजस्व प्रकरणों का समय पर करें निराकरण : एसडीएम गुप्ता

### सीएम हेल्पलाइन , नामांतरण और बाढ़ राहत कार्यों में कोताही न बरतने के सख्त निर्देश

भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी



शिवपुरी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन में सोमवार दोपहर 1 बजे पोहरी जनपद सभागार में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जेपी गुप्ता की अध्यक्षता में पटवारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवागत तहसीलदार कल्पना शर्मा और नायब तहसीलदार सरिता भदौरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। बैठक में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, भूमि आवंटन, राजस्व वसूली, लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन तथा अतिवर्षा व बाढ़ राहत जैसे जनहित से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए एसडीएम जेपी गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से संबंधित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए हल्का-वार लक्ष्य निर्धारित करते हुए 7 दिवस में अतिक्रमण रिपोर्ट प्रस्तुत करने, जुलाई माह की समस्त सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का एक सप्ताह में संतुष्टिपूर्ण समाधान करने तथा क्षेत्र में जारी निरंतर बारिश के दृष्टिगत अतिवर्षा या बाढ़ से होने वाले किसी भी नुकसान की तत्काल रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित करने के कड़े निर्देश दिए।

# पंडित खेरू महाराज जी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित ब्राह्मण समाज द्वारा

भारमतमत रिपोर्टर/ शिवपुरी



शिवपुरी अंचल के प्रख्यात ज्योतिष आचार्य व ब्राह्मण समाज के गौरव सुप्रतिष्ठित पंडित खेमचंद शास्त्री (खैरू महाराज) गायत्री कॉलोनी शिवपुरी का गत दिवस निधन हो गया है। उनका अचानक इस तरह चले जाना संपूर्ण शिवपुरी और समाज के लिए एक अपूर्ण और हृदय विदारक क्षति है। उनके निधन के बाद स्थानीय सामाजिक एवं क्षेत्रीय जनता में शोक और श्रृद्धाजंलियों का तांता लगा हुआ है उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त20 26 को शिवपुरी मनियर मुक्तिधाम पर अश्रु परित माहौल में किया गया उनके निधन की खबर से शिवपुरी के सामाजिक व ज्योतिष क्षेत्र में और राजनीतिक हलको में गहरा शौक है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संगठनों के साथ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन एवं परशुराम कल्याण बोर्ड के समस्त पदाधिकारी ने उनके निवास पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे कि शिवपुरी जिले के पंडिताई व ज्योतिष क्षेत्र में अपना संरक्षक मार्गदर्शन और प्रेरणा स्रोत को दिया है यह कह सकते है कि ऐसी विभूतियां सर्दियों में एक बार जन्म लेती है और खुद के लिए जीने के बजाय हर वक्त अपने जिजमानों के लिए समर्पित रहने वाले पंडित खेरू महाराज जैसी लोग स्वर्गवासी होने के बाद भी सदियों तक लोगों के जहन में बसे रहते है ऐसे महान चुंबकीय व्यक्तित्व वाले पंडित जी कभी भुलाई ही नहीं जा सकते। पंडित खेरी महाराज ने जीवन भर ब्रह्मचर्य का पालन किया उनके मुंह से निकले वचन हमेशा सत्य होते थे ज्योतिष व कर्मकांड के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पंडितों में स्थान था।

शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से विधायक कैलाश कुशवाहा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन की जिला कार्रवाई अध्यक्ष पंडित कुंज बिहारी पाराशर शहर अध्यक्ष कैलाश नारायण भार्गव कैलाश नारायण मुद्गल सुरेश पाराशर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरगोविंद शर्मा बालकृष्ण मामा रामसेवक गौंड सुरेंद्र पाठक राजेंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरुण श्रीवास्तव, द्वारा भारतमत प्रेस, कालका 51, सत्यदेव नगर, गांधी रोड, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। प्रधान संपादक-अरूण श्रीवास्तव, RNI No. 69560/97, फोन. 0751-4070801, 4071801, Fax 0751-4071801